राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 65
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
सोमवार 19 सितंबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 टीचर ने ट्रिप का आधा खर्च उठाने से किया मना, दोस्तों ने कर दिया मर्डर; कुएं में फेंका शव

पेज 5 बहराइच में पेट्रोल कम देने की बात पर फूंक दी बाइक, झुलसे युवक की हालत गंभीर

पेज 7 महारानी एलिजाबेथ के अंतिम संस्कार का सिनेमाघरों में होगा लाइव प्रसारण, पूरा ब्रिटेन रहेगा मौन

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी अश्लील वीडियो केस में 2 युवक अरेस्ट

## 60 से ज्यादा लड़कियों के नहाने के वीडियो वायरल किए गए

**शनिवार देर रात चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कैंपस में लड़कियों ने भारी हंगामा किया। उनका आरोप था कि उनके साथ पढ़ने वाली एक लड़की ने 60 से ज्यादा लड़कियों के नहाने के वीडियो बनाकर अपने बॉयफ्रेंड को भेज दिए, जिसने उन्हें इंटरनेट पर वायरल कर दिया।**

## स्टूडेंट्स को मनाने के लिए अस्पताल भेजी गई लड़की को एंबुलेंस से लाया गया, प्रदर्शन जारी



### आरोपी लड़की ने शिमला में अपने बॉयफ्रेंड को भेजे वीडियो

**पुलिस के मुताबिक, लड़के का नाम सन्नी है और वह लड़की का बॉयफ्रेंड है। सन्नी शिमला का रहने वाला है। उसी ने लड़कियों के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। पंजाब पुलिस की रोपड़ रेंज के डीआईजी गुरप्रीत सिंह भुल्लर और मोहाली के एसएसपी विवेकशील सोनी ने यह भी कहा कि छात्रा ने केवल अपना वीडियो लड़के को भेजा था। दूसरी लड़कियों का नहीं।**

### 8 छात्राओं के खुदकुशी की खबर, यूनिवर्सिटी का इनकार

**हंगामे के दौरान खबर आई कि 8 छात्राओं ने खुदकुशी की कोशिश की और इनमें से एक की हालत नाजुक है। हालांकि यूनिवर्सिटी प्रबंधन और पुलिस ने इससे इनकार किया। वीडियो बनाने वाली छात्रा से हॉस्टल में लड़कियों ने ही पूछताछ की। इसका भी एक वीडियो सामने आया है। इसमें आरोपी छात्रा का कहना है कि उसने ये वीडियो दबाव में बनाए।**

चंडीगढ़। मोहाली के चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली 60 से ज्यादा छात्राओं के नहाने का वीडियो वायरल करने के आरोप में हिमाचल पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें लड़की ने जिस युवक की तस्वीर दिखाई थी उसे शिमला से पकड़ा गया है। उसका नाम रंकज है। वहीं दूसरे आरोपी सन्नी मेहता को रोहड़ू से पकड़ा गया है।

इससे पहले पंजाब पुलिस ने वीडियो बनाने वाली लड़की को गिरफ्तार किया था। लड़की भी शिमला के रोहड़ू की रहने वाली है। वो लड़कों को बहुत पहले से जानती हैं। हिमाचल के DGP संजय कुंडू ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। इधर, शिमला पहुंची पंजाब पुलिस ने दोनों युवकों को अपने कब्जे में ले लिया है। इन्हें मोहाली लाया जाएगा।

इधर, मामले में यूनिवर्सिटी प्रशासन और पुलिस के रवैये से नाराज सीयू के सैकड़ों स्टूडेंट्स ने कैंपस में फिर से प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स ने डीन ऑफिस घेर लिया। उनका आरोप है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन और पुलिस मामले को दबा रहे हैं। हालांकि देर शाम प्रशासन ने दावा किया कि स्टूडेंट्स ने प्रदर्शन खत्म कर दिया है। लेकिन स्टूडेंट्स अभी भी प्रदर्शन कर रहे हैं।

### स्टूडेंट्स की छह मांग प्रशासन ने मानी

सूत्रों के मुताबिक, स्टूडेंट्स ने पुलिस और यूनिवर्सिटी प्रशासन से शनिवार रात हुए मामले की पारदर्शी जांच, शनिवार को हुए लाठीचार्ज की जांच, अस्पताल में भर्ती स्टूडेंट्स को मुआवजा देने, गर्ल्स हॉस्टल का टाइम 8:30 से बढ़ाकर 9 : 30 बजे तक करने और हॉस्टल के सभी वॉर्डन बदलने की मांग रखी है।

दोनों पक्षों की ओर से स्टूडेंट्स को सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

स्टूडेंट्स को शांत करने के लिए एंबुलेंस में अस्पताल भेजी गई स्टूडेंट को मौके पर लाया गया। हालांकि उसने अपना मुंह ढंक रखा था। दावा किया गया था कि घटना के बाद युवती ने सुसाइड करने की कोशिश की थी। हालांकि प्रशासन ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है।

### पुलिस के इनकार पर भड़के स्टूडेंट्स

रविवार सुबह मोहाली के एसएसपी विवेकशील सोनी और रोपड़ रेंज के डीआईजी गुरप्रीत सिंह भुल्लर मामले की जांच के लिए ष्ट कैंपस पहुंचे।

सीयू मैनेजमेंट के साथ-साथ इन दोनों अफसरों ने दावा किया कि किसी छात्रा का कोई वीडियो वायरल नहीं हुआ और स्टूडेंट्स को गलतफहमी हो गई थी। इसी बात से यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स भड़क उठे।

प्रदर्शनकारी छात्राओं के अनुसार, आरोपी लड़की खुद मान चुकी है कि उसने हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों के वीडियो बनाकर अपने दोस्त को भेजे मगर पंजाब पुलिस कह रही है कि लड़की ने सिर्फ अपना वीडियो बनाया।

इसके अलावा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के कुछ अधिकारियों ने लड़कियों के कपड़ों को लेकर भी कमेंट किए। इससे उनमें नाराजगी है।

इस बीच पुलिस जहां कह रही है कि आरोपी लड़की ने सिर्फ अपना वीडियो बॉयफ्रेंड को भेजा, वहीं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट में लिखा कि लड़की ने कई आपत्तिजनक वीडियो भेजे। केजरीवाल ने इस मामले में कड़े एक्शन का आश्वासन भी दिया। पंजाब में आप की सरकार है। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

# पीएफआई के 40 ठिकानों पर एनआईए ने मारी रेड

## तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से 4 संदिग्ध पकड़े गए, लाखों का कैश और हथियार मिले

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने रविवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के खिलाफ तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में 40 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान एनआईए ने 4 लोगों को हिरासत में लिया है। छापेमारी में टीम को डिजिटल डिवाइस, डॉक्यूमेंट्स, दो खंजर और 8.31 लाख रुपए से अधिक कैश सहित कुछ संदिग्ध सामान भी मिला है।




### तेलंगाना में 38, आंध्र प्रदेश में 2 जगहों पर छापेमारी

एक अधिकारी ने बताया कि जानकारी मिली थी कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में PFI के कैंप चल रहे हैं। जहां आतंकी घटनाओं की प्लानिंग और धर्म के आधार पर दंगा कराने की ट्रेनिंग देने के लिए कैंप चलाए जा रहे हैं। इसके बाद आज तेलंगाना में 38 और आंध्र प्रदेश में 2 स्थानों पर छापेमारी हुई। जुलाई में तेलंगाना पुलिस को जानकारी मिली कि निजामाबाद में एक ग्रुप कराटे क्लास चला रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य आतंकी प्रशिक्षण देना है। 4 जुलाई को केस दर्ज किया गया, इसके बाद पुलिस ने छापेमारी शुरू की, जिसमें अब्दुल कादर, शेख सहदुल्ला, मोहम्मद इमरान और मोहम्मद अब्दुल मोबिन को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार हुआ आरोपी शेख सहदुल्ला पीएफआई के जिला संयोजक शादुल्लाह है।

### इन जगहों पर हुई छापेमारी

इसके बाद एनआईए ने जांच को आगे बढ़ाने के लिए 26 अगस्त को मामला फिर से दर्ज किया। इसी मामले में आज तेलंगाना और आंध्र के 40 ठिकानों पर छापेमारी हुई। सबसे ज्यादा 23 छापेमारी निजामाबाद में, जगत्याल में 7 जगहों पर, हैदराबाद में 4, निर्मल में 2, आदिलाबाद और करीमनगर में एक-एक जगह पर छापेमारी हुई।

### आईटीबीपी ने पहली बार पशु परिवहन विभाग के 64 हेड कांस्टेबलों को पदोन्नत किया

नयी दिल्ली। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने अपने पशु परिवहन विभाग (एचसी/एटी) के 64 हेड कांस्टेबलों को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) के आधार पर पहली बार सहायक उप निरीक्षक के नव निर्मित पद पर पदोन्नत किया है। यह आईटीबीपी पशु परिवहन (एटी) के सबसे कठिन संवर्गों में से एक के इतिहास में बहुप्रतीक्षित और सबसे बड़ी पदोन्नति में से एक है। इस विभाग के जवान 3488 किलोमीटर लंबी पहाड़ी सीमाओं में कठिन इलाकों में दूरस्थ सीमा चौकियों पर तैनात है। एटी कैडर श्वानों के प्रशिक्षण में भी योगदान देता है। इसे देश में सबसे अच्छा प्रशिक्षण संस्थान माना जाता है। आई टी बी पी के पास दुर्गम सीमावर्ती क्षेत्रों में रसद आपूर्ति में सहायता के लिए टट्टू, खच्चर और याक हैं, जिनका प्रबंधन एटी कैडर के अधिकारियों द्वारा किया जाता है। डीपीसी के प्रमुख आई टी बी पी के पशु चिकित्सक कैडर के सबसे वरिष्ठ अधिकारी डीआईजी सुधाकर नटराजन थे।

# ऑडी की टक्कर से 4 की मौत

## जीजा-साला और उनकी पत्नियों को रौंदा

एजेंसी

खेतड़ी (झुंझुनूं)। तेज रफ्तार ऑडी ने बाइक और स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ऑडी कार भी पलट कर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में बाइक-स्कूटी सवार जीजा-साले और दोनों की पत्नियों की मौत हो गई। चारों मृतक हरियाणा के रहने वाले हैं। ये झुंझुनूं में सिंघाना के पास रिश्तेदार के शोक सभा में शामिल होने आए थे। हादसा रविवार दोपहर 2 बजे दिल्ली-फतेहपुर हाईवे पर पचेरी कला थाना इलाके में हुआ।



बुहाना डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि हादसे में स्कूटी सवार नारनौल के मिर्जापुर बाछौद निवासी विनोद जांगिड़ (55), उसकी पत्नी विमला (52) और बाइक सवार तलोट निवासी सागरमल (50), उसकी पत्नी उर्मिला (48) की मौत हो गई।

सागरमल, विनोद का जीजा है। चारों सिंघाना के पास तातेजा में विनोद के मामा के यहां शोक सभा में शामिल होने आए थे। चारों आज दोपहर नारनौल की तरफ जा रहे थे।

डूमोली के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ऑडी कार ने बाइक व स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक व स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सिंघाना से जयपुर जा रहे सूरजगढ़ विधायक सुभाष पूनिया ने गाड़ी रोककर सड़क किनारे पड़े चारों लोगों को हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ऑडी ड्राइवर गाड़ी को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि गाड़ी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में पूनिया का बास के रहने वाले लोकेश पुत्र महेंद्र के नाम से होना पाई गई है। जानकारी जुटाई जा रही है। गाड़ी को कौन चला रहा था, इसके बारे में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि विनोद के दो लड़के है। बड़ा लड़का संदीप प्राइवेट जॉब करता है, छोटा बेटा बबलू रेलवे पुलिस में है। सागरमल के एक बेटा और एक बेटी है। बेटी दीपिका हरियाणा पुलिस में है। बेटा दीपक पढ़ाई करता है।

# देश में पिछले 24 घंटे में 4555 लोग कोरोना मुक्त

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में 4555 लोग कोरोना मुक्त होने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 43957929 हो गयी है। देश में स्वस्थ होने की दर 98.71 प्रतिशत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 216.56 टीके दिये जा चुके हैं। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी संक्रमण के 5,664 नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,45,34,188 हो गयी। इसी अवधि में महामारी से 14 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 528337 हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी के सक्रिय मामले 1074 बढ़ने से इनकी संख्या 47922 हो गई। सक्रिय मामलों की दर 0.11 प्रतिशत है, दैनिक संक्रमण दर 1.96 प्रतिशत है और मृत्यु दर 1.19 फीसदी पर बरकरार है। पिछले 24 घंटों में 2,89,288 कोविड परीक्षण किए गये हैं। जिसके बाद कुल परीक्षणों की संख्या 89.15 करोड़ हो चुकी हैं।

देश में पिछले 24 घंटों में 14 राज्यों, एक केन्द्र शासित प्रदेश में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़ी है और अन्य राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके मामलों में कमी देखी गयी है।

केरल में पिछले 24 घंटे में यहां कोरोना वायरस संक्रमण के 944 नए मामले बढ़ने से यह संख्या बढ़कर 15239 हो गई तथा कोरोना महामारी से उबरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 6697815 हो गया है। इस अवधि में एक और मरीजों की मौत होने से मतृकों का आंकड़ा 70990 तक पहुंच गया है,

जबकि इसी दौरान, महाराष्ट्र में कोरोना के 161 मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 4562 रह गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 7962071 हो गयी है।

# राहुल गांधी का पीएम मोदी से सवाल : 8 सालों में 16 करोड़ रोजगार क्यों नहीं आए

## देश बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहा है

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में चीते के आगमन को लेकर अब सियासत भी शुरू हो गई है। भारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर तंज कसा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को भी बेरोजगारी पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया- 8 चीते तो आ गए, अब ये बताइए, 8 सालों में 16 करोड़ रोजगार क्यों नहीं आए?



भारत जोड़ो यात्रा अभियान के दौरान एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि देश बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहा है, लेकिन पीएम जंगल में चीतों को रिहा करने में व्यस्त हैं।

वहीं, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि हमारा शेर भारत जोड़ो यात्रा पर निकला हुआ है तो भारत तोड़ने वाले विदेश से अब चीते ला रहे हैं। दूसरी ओर सपा अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने चीते की एक वीडियो ट्वीट कर चुटकी ली। उन्होंने लिखा- सबको इंतजार था दहाड़ काज्पर ये तो निकला बिल्ली मौसी के परिवार का।

### राहुल बोले- खुशी है चीतों को फिर से लाया जा रहा है

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम को अपना समय देश की समस्याओं को सुलझाने में लगाना चाहिए, लेकिन वह चीतों की तस्वीरें खींचने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा- मुझे चीतों से कोई समस्या नहीं है, उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। और मुझे खुशी है कि चीतों को फिर से लाया जा रहा है, लेकिन पीएम को लाखों बेरोजगार युवाओं पर भी ध्यान देना चाहिए।

### पीएम मोदी चीता से भी तेज भागते हैं : ओवैसी

दो दिन पहले AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी चीतों के भारत में आने पर बीजेपी और पीएम मोदी पर तंज कसा था। उन्होंने कहा था कि देश में जब हम बेरोजगारी की बात करते हैं, मोदी चीता को भी पीछे छोड़ देते हैं। जब चीन को लेकर सवाल पूछते हैं, वे चीता से तेज भागते हैं। ऐसे मामलों में वे काफी तेज हैं।

बोलने के मामले में भी वे काफी तेज हैं। हम तो कह रहे हैं कि वे थोड़ा धीमा हो जाएं।

रेप-हत्या

## बोला- वो मुझे पहचान गई थी, मुंह में मिट्टी भरकर मार डाला

# बदायूं में दलित लड़की से रेप-हत्या : आरोपी गिरफ्तार

बदायूं। लखीमपुर के बाद अब बदायूं में दलित लड़की की रेप के बाद हत्या कर दी गई। लड़की शुक्रवार रात से लापता थी। शनिवार सुबह लगभग 11 बजे उसका शव मिला। रविवार सुबह पुलिस ने आरोपी जितेंद्र की गिरफ्तारी दिखा दी। आरोपी ने रेप और हत्या की बात कबूल ली है। उसने पुलिस को बताया कि वो शराब के नशे में था। रेप के बाद मुंह में मिट्टी भरकर उसे दबा दिया। दम घुट गया। थोड़ी देर में लड़की की मौत हो गई।

मामले में लड़की की मां ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, चौकी पर तैनात स्टाफ अगर लापरवाही न करता तो आज मेरी बेटी जिंदा होती। चौकी वालों ने मेरी बेटी को मरवा दिया। लड़की की उम्र 16 साल थी। फैजगंज बेहटा इलाके के एक गांव में मां, पिता और भाई के साथ रहती थी।

### शुक्रवार रात लापता हुई थी लड़की

पीड़िता शुक्रवार रात को लापता हुई थी। उसकी मां ने कहा, मेरी बेटी मानसिक रूप से कमजोर थी। वो अक्सर गांव में घूमने के लिए चली जाती थी। उस दिन यानी शुक्रवार को भी ऐसा ही हुआ था। बेटी गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी देर नहीं लौटी तो हमने गांव में तलाश शुरू



की। आस-पास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसका पता नहीं चला। हम चौकी पर भी गए। वहां पुलिस को बेटी के लापता होने के बारे में बताया। उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।

### शनिवार को मिली मिट्टी से सनी लाश

शनिवार को गांव के लोगों को आसफपुर रेलवे स्टेशन के पीछे एक लड़की की लाश दिखी। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो लड़की के कपड़े अस्त-व्यस्त थे। उसके मुंह में मिट् ?टी भरी हुई थी। चेहरा भी पूरा मिट् ?टी से सना था। कुछ ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त कर ली। उन्होंने परिवार के बारे में बताया। वहां भीड़ बढ़ती जा रही थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को डर था कि कहीं कोई बवाल न शुरू हो जाए।

### मां का आरोप- पुलिस ने फोन करके कहा कि बेटी का एक्सीडेंट हो गया

ऐसे में पुलिस ने परिवार को सूचना दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमें सिर्फ लड़की का चेहरा दिखाया और शव तुरंत पोस्टमॉर्टम के लिए ले गए। पीड़िता की मां ने कहा, शनिवार को हमारे पास फोन आता है। कोई पुलिस वाला ही था। वो कहता है कि मेरी बेटी का एक्सीडेंट हुआ है। इसके बाद हम भागते हुए चौकी फिर थाने पहुंचे। बेटी का सिर्फ चेहरा देखने को मिला। पुलिस जल्दबाजी में लाश लेकर बदायूं भाग गई।

# राहुल गांधी संभालें कांग्रेस की बागडोर, गुजरात कांग्रेस ने सर्वसम्मति से पास किया प्रस्ताव

एजेंसी

अहमदाबाद। कांग्रेस की गुजरात इकाई ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से राहुल गांधी को सबसे पुरानी पार्टी का अध्यक्ष बनाने का आग्रह किया है। यह मांग कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की रविवार को अहमदाबाद में हुई बैठक में की गई, जिसमें उसके सभी सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रस्ताव का समर्थन किया।

पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों ने बैठक कर राहुल गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने की भावना व्यक्त की। पार्टी की प्रदेश इकाई के मुख्य प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा कि वे चाहते थे कि यह मुद्दा राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने रखा जाए।



बैठक के बाद कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने एक बयान में कहा कि यह मांग की गई कि भारत के भविष्य और युवाओं की आवाज राहुल गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाए। प्रदेश कार्यकारिणी के सभी मौजूदा प्रतिनिधियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इसे मंजूरी दे दी।

कांग्रेस की गुजरात इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष जगदीश ठाकोर के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में गुजरात की 182 में से 125 सीटें जीतने का भी संकल्प लिया। इससे पहले, कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (सीपीसीसी) ने भी एक प्रस्ताव पारित कर राहुल गांधी को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की मांग की। शनिवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी इस तरह का एक प्रस्ताव पारित किया था।

बता दें कि, कांग्रेस ने पिछले महीने कहा था कि उसके अध्यक्ष का चुनाव 17 अक्टूबर को होगा, जिसका परिणाम 19 अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। यदि नामांकन वापस लेने के बाद केवल एक उम्मीदवार मैदान में शेष रहता है, तो अध्यक्ष के नाम की घोषणा 8 अक्टूबर को ही की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### रामबन में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और हथियार तथा गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और सेना की संयुक्त टीम ने गूल के पास दलवाह इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया, जिसमें एक यूबीजीएल, एक यूबीजीएल पेंडुलम साइट, एक रिवॉल्वर, एक चीनी पिस्तौल मैगजीन के साथ, एक एके -47, 303 की दो मैगजीन, जिनमें से प्रत्येक में पांच गोलियां भरी हुई थीं, .303 की 26 गोलियां, एके 47 मैगजीन की चार गोलियां, एके 47 का 198 गोलियां, 9 एमएम की 69 गोलियां और बिना एंटीना वाला एक केनवुड आरएस शामिल हैं। उन्होंने कहा, इलाके की घेराबंदी करने के बाद यह तलाशी अभियान चलाया गया।

### कश्मीर : सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

जम्मू। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को एक कार दुर्घटना में मां-बेट की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा आज सुबह उस वक्त हुआ, जब एक परिवार के कुछ सदस्य कार से कहीं जा रहे थे। इस दौरान कार रियासी-महोर रोड पर अनियन्त्रित होकर शिला शाजरू के पास एक गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया, मृतक में सकीना बेगम (40) और उसके बेटे इम्तियाज अहमद (20) है जबकि मृतक महिला के पति अब्दुल मजीद और बेटी नजमीन कौसर इस हादसे में घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कश्मीर में मकान ढहने से तीन लोगों की मौत

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में रविवार को एक कच्चा मकान ढहने से पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर में कोकरनाग के डक्सुम इलाके के जंगल माथुर पाथर बहक में तड़के एक मिट्टी का एक मकान अचानक ढह गया, जिससे घर के मालिक सहित चार लोग मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और मलबे में दबे चारों लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मंजूर अहमद गुरसी, हाजरा बेगम और मंजूर अहमद के रूप में हुयी है।सभी बड़हार्ड कोकरनाग के निवासी थे।

### सिंगापुर के मंत्री ने की स्टालिन से मुलाकात

**चेन्नई।** सिंगापुर के परिवहन और व्यापार मंत्री संबंध ईश्वरन ने रविवार को यहां राज्य सचिवालय में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री व द्रमुक के प्रमुख एम के स्टालिन से मुलाकात की। स्टालिन ने कहा कि श्री ईश्वरन के साथ बैठक बहुत बढ़िया रही। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने तमिलनाडु और सिंगापुर के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर उपयोगी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके कहा, यह सिंगापुर के परिवहन और व्यापार मामलों के मंत्री ईश्वरन के साथ अद्भुत बैठक थी। हमने तमिलनाडु और सिंगापुर के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने पर एक उपयोगी चर्चा की।

### पिथौरागढ़ में ढाई साल की बच्ची को मां की गोद से उठा ले गया तेंदुआ

नैनीताल । उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जनपद के बेरीनाग में शनिवार रात को एक अभूतपूर्व घटना में ढाई साल की बच्ची को तेंदुआ मां की गोदी से उठा ले गया। बच्ची का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है। मामला बेरीनाग तहसील के चचरैत गांव का है। बताया जा रहा है कि चचरैत के सुनधारा तोक निवासी पान सिंह मेहरा की बेटी भारती मेहरा लगभग शाम सात बजे अपने मां की गोदी में थी। जैसे ही मां बेटी को लेकर अदंर जाने लगी इसी दौरान घात लगाये तेंदुए ने बच्ची पर हमला कर दिया पलक झपकते ही उसे उठा ले गया। मां की आंखों के सामने उसके जिगर के टुकड़े को उठा ले जाते ही मां की चीखे निकल गयीं। शोर सुनते ही ग्रामीण एकत्र हुए और तेंदुए का पीछा किया लेकिन तब तक वह बच्ची के शव को क्षत-विक्षत कर चुका था। घर से 150 मीटर की दूरी पर शव बरामद कर लिया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे ले लिया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम की कार्यवाही करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने तेंदुए को जिंदा व मुर्दा पकड़ने की मांग की है। इस प्रकरण के बाद प्रशासन सकते में है। वन विभाग की टीम मौके पर है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### निराश लोगों की आवाज बन रही है 'भारत जोड़ो यात्रा' : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि सरकार की नीतियों के कारण देश के लोगों में निराशा का माहौल है और भारत जोड़ो यात्रा निराश लोगों की आवाज बन रही है। गांधी ने कहा कि देश में सद्भाव का माहौल नहीं है, युवाओं के पास रोजगार नहीं है और लोग अपने भविष्य को लेकर के निराश हैं, लेकिन 'भारत जोड़ो' यात्रा उदास हुए इन सबकी आवाज बन रही है और लोग एकजुट होकर यात्रा के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। गांधी ने ट्वीट किया सद्भाव के बिना कोई प्रगति नहीं है। प्रगति के बिना कोई रोजगार नहीं है। नौकरियों के बिना कोई भविष्य नहीं है। बेरोजगारी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निराशा की आवाजों को एकजुट कर रही है।

### शिवराज ने राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह की स्मृति में किया पौधरोपण

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनजातीय समाज के गौरव, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अमर बलिदानी राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर उनकी स्मृति में पौधरोपण किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री चौहान ने आज यहां श्यामला हिल्स के स्मार्ट सिटी उद्यान में गुलमोहर, गूलर और बादाम के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री के साथ कलाव्योम फाउंडेशन के अशोक श्रीमाल, खुजेमा मोटरवाला, दीपक श्रीवास्तव और शिवम पाटीदार पौध-रोपण में शामिल हुए। श्री चौहान को फाउंडेशन के सदस्यों ने श्रीमद्भगवद्गीता भेंट की। कलाव्योम फाउंडेशन कला-संस्कृति, कौशल विकास और पर्यटन के क्षेत्र में कार्यरत है। फाउंडेशन स्थानीय उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ उनके लिए नई संभावनाएँ तलाशने और उभरती प्रतिभाओं को आर्थिक आधार प्रदान करने के लिए कार्य करती है। आज लगाए गए गुलमोहर की सुव्यवस्थित पत्तियों के बीच बड़े-बड़े गुच्छों में खिले फूल इस वृक्ष को अलग ही आकर्षण प्रदान करते हैं। यह वृक्ष औषधीय गुणों से भी समृद्ध है।

### शिवराज ने रक्तदान के पुनीत ध्येय में योगदान के लिए प्रदेशवासियों का माना आभार

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर पर प्रदेश के सामाजिक संगठनों और 44 हजार से अधिक लोगों द्वारा रक्तदान का संकल्प लेने और प्रदेश में 574 शिविर के माध्यम से नागरिकों द्वारा रक्तदान करने के लिए आभार माना है।आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक चुनौती में साथ खड़े होने वाले प्रदेश के नागरिकों ने जन-भागीदारी के मॉडल को पुन: सफलतापूर्वक अपना कर एक पुनीत ध्येय प्राप्त किया है। मानवता के कल्याण के इस पुण्य प्रयास के लिए वे प्रदेश के सभी नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और प्रदेश के सभी भाई-बहनों की ओर से यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन पर पुन: शुभकामनाएँ देते हैं।

# संदिग्ध नाव का नहीं मिला टेरर ऐंगल

## ऑस्ट्रेलियाई महिला है मालकिन; देवेंद्र फडणवीस ने बताई डिटेल

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई के निकट रायगढ़ में समुद्र तट पर मिली हथियारों से लदी संदिग्ध नाव को लेकर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने चिंताएं दूर करने वाली बात कही है। उन्होंने कहा कि अब तक हुई जांच में इस नाव का कोई टेरर ऐंगल सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि इस बोट का नाम लेडी हान है और इसकी मालकिन ऑस्ट्रेलिया की एक महिला है। देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि इस बोट के कप्तान महिला के पति हैं। यह नाव मस्कट से यूरोप जा रही थी और इसी दौरान इसका इंजन खराब हो गया



था। इस स्थिति में बोट में सवार लोगों ने डिस्ट्रेस कॉल किया था और कोरियाई जहाज ने इन लोगों को रेस्क्यू किया था। इसके बाद यह बोट धीरे-धीरे आकर किनारे लग गई। हाई टाइड की वजह से उस दौरान इस बोट को निकाला नहीं जा सका। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई टेरर ऐंगल नहीं मिला है, लेकिन त्योहारी सीजन चल रहा है और हमने सबको अलर्ट पर रखा है।

बोट के बारे में पुख्ता जानकारी हमारे सामने आ गई है। हाई टाइड के चलते ओमान से बहकर बोट यहां आ पहुंची। महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह बोट मस्कट से यूरोप जा रही थी। उन्होंने कहा कि अभी तक इसमें कोई टेरर ऐंगल सामने नहीं आया है, लेकिन हम हर तरह से जांच कर रहे हैं। किसी भी बात को एक सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता।

# रेल परियोजनाएं : बोम्मई ने केरल को सहयोग देने से किया इनकार

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने केरल के अपने समकक्ष पिनाराई विजयन के राज्य के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों और वन्यजीव अभयारण्यों में विभिन्न रेलवे परियोजनाओं को शुरू करने के लिए सहयोग देने के अनुरोध को रविवार को खारिज कर दिया। बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा, विजयन यहां दक्षिणी क्षेत्र परिषद की बैठक में तय किए गए द्विपक्षीय वार्ता के लिए आए थे। केरल सरकार ने कन्हांगड-कनियूर रेल लाइन मार्ग और अन्य राजमार्ग परियोजनाओं सहित अपनी विभिन्न रेलवे परियोजनाओं के लिए सहयोग मांगा। प्रस्तावित रेल लाइन परियोजना के लिए केरल में 40 किमी और कर्नाटक में 31 किमी का मार्ग है। हालांकि, यह कर्नाटक के लिए बहुत फायदेमंद नहीं है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, यह पश्चिमी घाट के समृद्ध जैव-विविधता और पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरेगा। इसलिए, केरल के मुख्यमंत्री को स्पष्ट रूप से बताया गया है कि कर्नाटक राज्य के लिए इस परियोजना के लिए विस्तारित सहयोग देना संभव नहीं है। विजयन ने टेलिचेरी-मैसूर रेल लाइन मार्ग की पुरानी परियोजना पर भी चर्चा की, लेकिन बोम्मई ने अनुमति नहीं दी क्योंकि यह बांदीपुर-नगरहोल राष्ट्रीय उद्यानों से होकर गुजरेगा जिससे वनस्पतियों और जीवों को बहुत नुकसान होगा।

### तेरह लाख की अफीम के साथ उप्र का तस्कर गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद में गदरपुर पुलिस ने शनिवार देर रात को तेरह लाख रुपए मूल्य की अफीम के साथ उत्तर प्रदेश के एक तस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उधम सिंह नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गदरपुर पुलिस की ओर से है बीती रात को महतोष मोड़ से पिपलिया की ओर जाने वाले मार्ग पर तस्करों के खिलाफ जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मोटर साइकिल सवार धर्म सिंह निवासी ग्राम तुमरिया, थाना आंवला, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश को रोका गया और उसकी जांच की गई तो उसके पास से 1.325 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिंह भण्डारी की मौजूदगी में अफीम की तस्दीक होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1300000 रुपये आंकी गयी है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# भर्ती घोटाला के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : धामी

रूद्रपुर/नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती घोटाले के मामले में साफ साफ कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा तथा जल्द ही 7000 पदों की भर्तियों को अब लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरा जाएगा।

ऊधमसिंह नगर के दौरे पर आये श्री धामी ने कहा कि इसके लिए समय सारणी तैयार हो गई है। शीघ्र ही लोक



सेवा आयोग द्वारा भर्ती का कैलेंडर भी जारी कर दिया जाएगा। सभी पदों के लिए विज्ञापन अक्टूबर माह में जारी किये जायेंगे और दिसंबर में भर्ती परीक्षाएं संपन्न हो जाएंगी। इसके बाद विभिन्न विभागों में रिक्त 12000 पदों की प्रक्रिया को शुरू कर दिया जाएगा।

धामी ने रूद्रपुर के एक निजी होटल में मेधावी छात्र छात्राओं, कोरोना महामारी में व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं से जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की अपील की।

उन्होंने कहा हमारी सरकार सड़कों के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है और जल्द ही है रुद्रपुर में 821 करोड़ की लागत से बाईपास का निर्माण किया जाएगा। पंतनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाने पर कार्य किया जा रहा है। चारधाम परियोजना के अंतर्गत अब पहाड़ों की यात्रा भी सुगम एवं सुरक्षित है। जल्द ही रुद्रपुर से कैलाश मानसरोवर तक की सड़क भी बनकर तैयार हो जाएगी।

# त्रिपुरा सरकार ने 80 हजार लाभार्थियों की सामाजिक पेंशन दोगुना की

एजेंसी

अगरतला। त्रिपुरा में 60 सदस्यीय सदन के लिए महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव से चार महीने पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी( भाजपा)के नेतृत्व वाली सरकार ने मासिक सामाजिक पेंशन को एक हजार रुपये से बढ़ाकर दो हजार रुपये करने की घोषणा की है।

नयी पेंशन इसी महीने लागू हो जायेगी और 25 योजनाओं के 80 हजार से अधिक लाभार्थियों को इससे फायदा होगा। भाजपा ने 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले चुनावी घोषणा पत्र में इसका वादा किया था। भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव से पहले 299 वादे किए थे और



सामाजिक पेंशन में बढ़ोतरी भी उनमें से एक थी।

लाभार्थी सूची की जांच के नाम पर सरकार ने दो साल से अधिक समय तक वितरण को रोक दिया था और अंत में इसे 2020 में 700 रुपये से 300 रुपये की बढ़ोतरी के साथ फिर से शुरू किया गया था।

मुख्यमंत्री माणिक साहा ने हर घर सुशासन (हर घर में सुशासन) की शुरुआत करते हुए निर्णय की घोषणा की और इस दावे को दोहराया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने पहले ही अपने सभी चुनावी वादों को पूरे कर दिये है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए काम कर रही है और विकास की गति को तेज किया गया है।

डॉ.साहा ने कहा, वादों के कार्यान्वयन में अधिक समय लगा है क्योंकि 25 साल के कम्युनिस्ट शासन ने व्यवस्था को अव्यवस्थित कर दिया था क्योंकि हर जगह अपने कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देकर, वास्तविक लोगों को वंचित कर दिया था। फिर भी व्यवस्था साफ-सुथरी और लोगों के अनुकूल नहीं है, इसमें और समय लगेगा लेकिन हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसे करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### शिवराज ने शंकर शाह-रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 1857 के अमर बलिदानी स्वतंत्रता सेनानी राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने निवास स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह ने वर्ष 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में जबलपुर क्षेत्र में सैनिकों को क्रांति में भाग लेने के लिए प्रेरित किया था। अपने क्रांतिकारी साथियों और 52वीं रेजीमेंट के सैनिकों के साथ मिल कर पिता-पुत्र ने क्रांति की योजना बनाई। लेकिन गद्दार ने यह सूचना अंग्रेजों तक पहुँचा दी। राजा और उनके पुत्र एवं अनुयायियों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में क्रांति संगठन के दस्तावेजों के साथ राजा शंकर शाह द्वारा लिखित एक कविता मिली।

# एसटी कोटे में वृद्धि का केसीआर का आश्वासन फर्जी : उत्तम कुमार

हैदराबाद 18 सितंबर (वार्ता) कांग्रेस सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन एन उत्तम कुमार रेड्डी ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों को मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा नौकरी और शिक्षा में वर्तमान कोटा छह से बढाकर 10 फीसदी करने के 'फर्जी आश्वासन' के खिलाफ आगाह किया है। रेड्डी ने कहा कि इसके अलावा योग्य एसटी परिवारों को 10 लाख रुपये की सहायता देने के लिए केसीआर की 'गिरिजन बंधु योजना' की घोषणा सिर्फ एक और मृगतृष्णा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी 2014 से एसटी कोटा में 10 प्रतिशत की वृद्धि की मांग कर रही है। मैंने पिछले आठ वर्षों में मुख्यमंत्री को कई आवेदन दिए हैं कि राज्य सरकार नौकरियों और शिक्षा में एसटी कोटा छह प्रतिशत से 10 फीसदी बढ़ाने के लिए एक जीओ जारी करे।

उन्होंने कहा, मैंने इस मुद्दे को कई बार संसद में भी उठाया और इस साल 22 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी एक ज्ञापन दिया। पर, न तो मुख्यमंत्री केसीआर ने मेरे सुझाव पर प्रतिक्रिया दी और न ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसटी कोटा में बढ़ोतरी की मांग पर प्रतिक्रिया दी। अब बदलते राजनीतिक हालात को देखते हुए केसीआर ने घोषणा की है कि वह एसटी कोटा बढ़ाने के लिए जीओ जारी करेंगे। रेड्डी ने मीडिया को जारी एक बयान में कहा, लेकिन मुझे उनके इरादों पर गंभीरता से संदेह है, वह मुनुगोड़े उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने तक और आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए इसे स्थगित कर देंगे। यह एक सामान्य चाल है जो केसीआर हमेशा उप-चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए खेलते हैं।

### जनजातीय जननायकों के आजादी के लिए किए संघर्ष और त्याग को समाज के सामने लाना जरूरी

जबलपुर। उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने आज कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय जननायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, परंतु दुर्भाग्यवश उन्हें इतिहास में वो स्थान नहीं मिल पाया, जिसके वो हकदार थे। हमें उन वीर महापुरुषों द्वारा देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष और त्याग को समाज के सामने लाना है। धनखड़ के मुख्य अतिथ्य और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विशेष उपस्थिति में यहां वेटरनरी कॉलेज मैदान में 'बलिदान दिवस कार्यक्रम' का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और लोक निर्माण विभाग मंत्री गोपाल भार्गव सहित अन्य नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि मध्यप्रदेश की पावन धरा पर जन्मे वीर शिरोमणि राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर उन महानायकों को नमन करते हैं। ये उन जैसे बलिदानियों का ही प्रताप है कि आज हम एक स्वतंत्र भारत मे सांस ले पा रहे हैं और अपनी नियति खुद तय कर पा रहे हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की बहुरंगी संस्कृति में हमारे आदिवासी समुदायों का विशिष्ट स्थान है। सादगी भरा जीवन, प्रकृति से प्रेम और लोक संगीत की मधुर गूंज उन्हें सबसे अलग बनाती है। आदिवासियों के बिना भारत की आत्मा अधूरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के मन में जनजातीय विकास की ललक और तड़प है। वे जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए हर पहलु पर कार्य कर रहे हैं।

# हर सिर पर छत के लिए एक लाख मकान देने की योजना : खट्टर

सिरसा। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के सिरसा में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय आडिटोरियम में 227 शिकायतों को सुनकर उनका निवारण किया। मुख्यमंत्री के जन संवाद कार्यक्रम में पेश होकर अपना दुखड़ा सुनाने काफी संख्या में लोग पहुंचे मगर जिला प्रशासन ने उन्हें कड़ी सुरक्षा के दृष्टिगत दरबार स्थल तक पहुंचने ही नहीं दिया जिससे लोग खफा होकर चले गए। एक समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों के पास मकान नहीं है, उनके सिर पर छत देना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए सरकार एक लाख मकान देने की योजना पर कार्य कर रही है।

एक अन्य शिकायत पर सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने गांव खारिया के



पटवारी महेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया वहीं वन विभाग के अधिकारी रघुवीर सिंह को भी एक माह के लिए अवकाश पर भेजने के ओदश दिए।

सिरसा में बढ़े नशे व भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री के खिलाफ नगरपरिषद के नजदीक विरोध प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ता यहां एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की ओर बढ़े तो पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद इन्हें छोड़ दिया गया।

नशे की शिकायतों पर सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार नशे पर नियंत्रण करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। युवा नशे से दूर रहें और खेल में उनकी रूचि बढ़े इसके लिए प्रदेशभर में व्यामशालाएं खोली जा रही हैं। विशेषकर नशा प्रभावित जिलों सिरसा और फतेहाबाद में ज्यादा से ज्यादा व्यामशालाएं खोली जाएंगी वहीं युवाओं को खेल की ओर प्रेरित किया जाएगा। सिरसा में 50 बैड का नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के 1.8 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्निर्मित फैकल्टी हाउस का उद्घाटन भी किया।

एक अन्य शिकायत सुनते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि खेत की आखिरी टेल तक पानी पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। पानी की चोरी रोकने की अधिकारियों को सख्त हिदायत दी।

# कांग्रेस सपने तो दिखाती है लेकिन उन्हें कभी पूरा नहीं करती: ईरानी

शिमला। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि कांग्रेस सपने तो दिखाती है लेकिन उन्हें कभी पूरा नहीं करती।

ईरानी ने शनिवार को शिमला जिले के रामपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने राज्य और केंद्र में लंबे समय तक सरकार का नेतृत्व किया लेकिन राज्य के लिए कुछ नहीं किया, हमारी सरकार ने रामपुर में उप तहसील दी, यह जयराम सरकार की ओर से इस विधानसभा को एक बड़ा तोहफा है। यह कांग्रेस का कल्चर है को वो अपनी बात पर कायम नहीं रहते, वे जो कहते हैं उसे कभी पूरा नहीं करते। कांग्रेस ने सुनिश्चित किया कि अटल सुरंग पूरी न हो, लेकिन मैं भाजपा सरकार की शुक्रगुजार हूं कि यह ऐतिहासिक सुरंग बनकर तैयार हो गई है और आज यह सुरंग विश्व प्रसिद्ध है।

उन्होंने कहा कि इन दिनों कांग्रेस



नेता कांग्रेस छोड़ रहे हैं और हाल ही में बिलासपुर के रहने वाले कांग्रेस नेता रामलाल ठाकुर ने कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा पेश किया है। राम लाल ठाकुर ने भी माना कि कांग्रेस दिशाहीन और नेतृत्वविहीन है और हिमाचल में इस पार्टी में मुख्यमंत्री के कई सारे उम्मीदवार हैं। वैसे इस घटना से कांग्रेस की स्थिति बिल्कुल साफ है हो गई है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में डबल इंजन सरकार ने हिमाचल के विकास की गाथा को नए क्षितिज पर पहुंचाया हैं। केंद्र में मोदी सरकार और हिमाचल में जयराम सरकार ने मिलकर राज्य की समग्र प्रगति को गति देने के लिए बहुत अच्छा काम किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजनीति को एक नया दृष्टिकोण दिया है जहां उन्होंने देश की महिलाओं का ध्यान रखा और उन्हें अत्यधिक सम्मान दिया है। नरेंद्र मोदी के भारत का प्रधानमंत्री बनाने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाएं खुश हैं।

मोदी ने देश को 11 करोड़ और हिमाचल ने दो लाख से ज्यादा लोगों को शौचालय दिए, कांग्रेस ने इस छोटी सी मांग के बारे में कभी नहीं सोचा। ऐसा करके मोदी ने भारत में महिलाओं की प्रतिष्ठा की रक्षा की है। मोदी ने हमें स्वच्छ भारत अभियान दिया जिसने हमारे राज्य और राष्ट्र की कायाकल्प हुई है।

### पर्यावरण संतुलन के लिये वृक्ष हैं महत्वपूर्ण

जबलपुर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि वृक्ष, पर्यावरण-संतुलन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक वृक्ष न केवल मनुष्य को जीवन देता है, बल्कि उस पर जीव-जंतुओं, कीट-पतंगों का जीवन पलता है। पक्षियों का निवास होता है। चौहान सुबह रतलाम जिले में पौधरोपण कार्यक्रम को जबलपुर से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं हर दिन पौध-रोपण करते हैं। उन्होंने पौधरोपण में सहभागिता कर रहे व्यक्तियों को बधाई दी और संस्था द्वारा किए गए आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपने मध्यप्रदेश को पौधरोपण कर प्रेरित किया है, वे एक दिन जावरा आकर इस पहाड़ी पर पौधरोपण देखेंगे और स्वयं भी पौधा-रोपण करेंगे। संस्था हार्टफुलनेस राम चंद्र मिशन द्वारा रतलाम जिले के जावरा नगर से लगभग 6 किलोमीटर दूरस्थ 24वीं बटालियन की 6 हेक्टेयर पहाड़ी भूमि पर पौध-रोपण कार्यक्रम किया गया।

# शिवालिक पहाड़ियों की बंजर भूमि पर बागवानी की बहार : कंवर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला की बंज़र शिवालिक पहाड़ियों को फलों के बगीचों से हरा भरा करने के लिए शुरू की गई एच पी शिवा परियोजना से क्षेत्र में खुशहाली के साथ ही शिवालिक क्षेत्र को 'फ्रूट हब' के रूप में विकसित करने के साथ साथ क्षेत्र के पर्यावरण और हवा की गुणवत्ता को भी सुधारने में मदद मिलेगी।

इस परियोजना के अन्तर्गत क्षेत्र की 17 पंचायतों की 233 हैक्टर भूमि को लगभग 500 करोड़ रुपए खर्च करके उपजाऊ भूमि के रूप में परिवर्तिति किया जायेगा जिससे प्रधानमंत्री की किसानों की आय को दुगना करने की योजना को भी साकार किया जा सकेगा।

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री वीरेन्द्र कँवर ने बताया की परियोजना के पहले चरण में नौ हैक्टेयर भूमि पर फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन्स प्लाट स्थापित करके अमरुद , अनार , माल्टा आदि फल पौधों की उच्च पैदावार प्रदान करने बाली प्रजातियों की 11913 पौधों को 81 किसानो की भूमि पर रोपित किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत किसानों को फल पौधों को वैज्ञानिक आधार पर बिकसित करने और बागवानी को मार्किट में वैल्यू एडिशन्स से पूरी तरह व्यापारिक आधार पर चलाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि बागबान अपनी फसल का अधिकतम लाभ ले सकें।

इस परियोजना के अन्तर्गत क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई , सोलर वाटर पम्प ,स्काडा एवं इंस्ट्रुमेंटल क्लस्टर टैंक आदि ढांचागत सुबिधाओं के निर्माण पर लगभग 77 . 75 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। राज्य के जल शक्ति बिभाग द्वारा बल्ह ,मुछलि ,नलवाड़ी --डुमखर -चारोली , ब्राह्मणा थाना खुर्द और दोबड में नयी सिंचाई परियोजनाएं कार्यानंबित की जाएँगी जबकि लिस हंडोला और सनहाल में कार्यरत सिंचाई परियोजनाओं को अप ग्रेड किया जायेगा ताकि परियोजना के अन्तर्गत सिंचाई जरूरतों को पूरा किया जा सके।

नई दिल्ली
सोमवार 19 सितंबर 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### प्रधानमंत्री के लक्ष्य और सपने को पूरा करेंगे सर्व औषधि केंद्र : ए के जैन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि जन जन और हर घर तक सस्ती दवाएं पहुंचे। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने जन औषधि केंद्रों की शुरुआत कराई। उनके इसी सपने और लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करेंगे सर्व औषधि केंद्र। यह कहना है सर्व औषधि स्टोर प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन ए के जैन का। जैन शनिवार को जीटी करनाल रोड के अम्बर होटल में कंपनी की स्ट्रेटेजिक मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर अनेक दवा वितरक और विक्रेता भी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत में जैन ने बताया कि सर्व औषधि केंद्रों पर जीवन रक्षक दवाएं जन औषधि केंद्रों के रेट पर ही उपलब्ध होंगी लेकिन गुणवत्ता के लिहाज से भी ब्रांडेड होंगी। उन्होंने कहा कि ये केंद्र जल्द ही सभी जगह खोले जाएंगे और देश के लोगों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने का काम करेंगे।

### टीचर ने ट्रिप का आधा खर्च उठाने से किया मना, दोस्तों ने कर दिया मर्डर; कुएं में फेंका शव

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने सरकारी स्कूल के एक टीचर की हत्या के आरोप में तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया है। 25 अगस्त को मुरादनगर के एक जंगल में स्थित कुएं से शिक्षक का शव मिला था। शिक्षक की पहचान बागपत के मूल निवासी आदेश त्यागी के रूप में हुई जो मुरादनगर में किराए के मकान में अकेला रहता था। वे क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में प्राथमिक कक्षा के छात्रों को पढ़ाते थे। 25 अगस्त को एक निवासी ने पुलिस में वन क्षेत्र के कुएं से दुर्गंध आने की शिकायत की। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। एसपी (ग्रामीण) इराज राजा ने कहा, कुछ घंटो बाद शव की पहचान स्थानीय टीचर आदेश के तौर पर हुई। उसके परिवार के सदस्यों ने बताया कि आदेश 15-20 दिन में एक बार उन्हें फोन करता था, इसलिए उन्हें उसकी हत्या के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मौत का कारण डूबना है। इसके बाद पुलिस ने आत्महत्या के एंगल से जांच की। लेकिन आदेश के कॉल रिकॉर्ड के स्कैन से पता चला कि शिक्षक ने अपने चार दोस्तों - सौरभ सिंह, नवरतन सिंह, मोनू कुमार और गौरव कुमार से कम से कम 10 बार फोन बंद होने से पहले बात की थी। राजा ने कहा, %ये सभी फरार थे। शुक्रवार सुबह, हमने उनमें से तीन को पकड़ा और पूछताछ के दौरान उन्होंने शिक्षक की हत्या करना स्वीकार किया।

### सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक मेट्रो के पांच नए स्टेशन संभव

**नोएडा।** लोगों की सहमति से रविवार को सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन स्टेशन तक चलने वाली मेट्रो के बीच नया रूट फाइनल कर लिया गया है। यह रूट बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-44/45, 104/ 98, 105/ 108, 93 और बालक इंटर कॉलेज होते हुए सेक्टर-142 तक जाएगा। ऐसे में इस रूट पर पांच स्टेशन संभावित हैं। हालांकि, अभी इस पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) की सहमति बाकी है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) अगले सप्ताह डीएमआरसी को इस रूट पर मेट्रो चलाने का प्रस्ताव भेज देगा। इसके हिसाब से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार होगी। लोगों की राय जानने के लिए रविवार को सेक्टर-29 स्थित एनएमआरसी कार्यालय में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे के आसपास की सेक्टर, सोसाइटी, ग्रामीण प्रतिनिधियों के अलावा व्यापारियों और अन्य स्टेक होल्डर की बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने की। बैठक में लोगों को मेट्रो रूट के तीन विकल्प दिए गए। शुरुआत में इसका रूट नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के समानांतर रखा गया था, लेकिन बाद में आवासीय सेक्टरों से ले जाने का निर्णय लिया गया। आवासीय सेक्टरों में भी कौन सा रूट लिया जाए, इसको लेकर सहमति होनी बाकी थी। अधिकारियों ने बताया कि नया रूट करीब 900 मीटर पहले के मुकाबले अधिक होगा। अधिकतर लोगों ने मेट्रो के रूट के दूसरे विकल्प पर सहमति दी है। प्रस्तावित रूट को तकनीकी फिजिबिलटी और फाइनेंसिएल वाइबिलिटी के लिए डीएमआरसी को भेजा जाएगा ताकि अंतिम निर्णय हो सके।

### दुर्गापूजा और रामलीला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

ट्रांस हिंडन। कोरोना के बाद टीएचए में 30 से अधिक जगहों पर रामलीला और दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी संस्थाओं द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। रविवार को वसुंधरा कालीबाड़ी मंदिर और साहिबाबाद थाने पर सुरक्षा व्यवस्था और अग्निशमन उपाय को लेकर पुलिस, अग्निशमन विभाग और दुर्गा पूजा आयोजकों के बीच बैठक हुई। वसुंधरा सेक्टर-15 स्थित कालाबाड़ी मंदिर में पुलिस क्षेत्राधिकारी इंदिरापुरम अभय मिश्र और वैशाली के फायर स्टेशन ऑफिसर कुंवर सिंह के साथ दुर्गा पूजा आयोजकों ने बैठक की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अभय कुमार मिश्र ने कहा कि सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं के लिए दुर्गापूजा आयोजक स्वयं सेवक बनाएं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए अग्निशमन अधिकारी, पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम की एक क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) बनाई जाएगी। जहां पर भी दुर्गा पूजा लग रही है। वहां जाम न लगे इसके लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की जाए। बैठक में एफएसओ कुंवर सिंह ने लोगों को अग्निशमन उपकरण से आग बुझाने का तरीका सिखाया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा व रामलीला के दौरान विभिन्न इलाकों में दकमल की गाड़ियां खड़ी रहेंगी, जिससे आग लगने पर जल्द दमकल पहुंच सके। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा में प्रवेश और निकासी का मार्ग अलग-अलग हो। अच्छी गुणवत्ता के बिजली के तार लगाएं जाए। हाइलोजन लाइट न लगाएं और पंडाल के अंदर गैस चूल्हा या भट्टी न जलाएं। अग्निशमन यंत्र, पानी और बालू जरूर रखें।

### पुलिस बल के निगरानी में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण हुआ

गाजियाबाद। मधुबन बापूधाम योजना में रविवार को प्रधनमंत्री आवास योजना निर्माणाधीन मकानों का निर्माण पुलिस बल की निगरानी में हुआ। पुलिस कर्मचारी प्रोजेक्ट के बाहर ही तैनात रहे। ताकि किसान इसके निर्माण कार्य का विरोध कर बंद न करा दें। एक समान मुआवजे की मांग को लेकर इस योजना से प्रभावित किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। किसान अपने विरोध के चलते मधुबन बापूधाम में कोई भी विकास कार्य नहीं होने दे रहे हैं। इस विरोध के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार हो रहे निर्माणाधीन 856 मकान भी प्रभावित हो रहे हैं। इसको लेकर जीडीए उपाध्यक्ष ने एसएसपी को पत्र लिखा था। इसमें निर्माण कार्य पूरा करने के लिए पुलिस बल की मांग की गई थी। एसएसपी ने भी तत्काल निर्देश देकर पुलिस बल मुहैया कराया। पुलिस बल मिलने के बाद जीडीए ने रविवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जबकि प्रोजेक्ट के बाहर ही पुलिसकर्मी तैनात रहे ताकि विरोध करने वाले किसानों को रोका जा सके और इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य प्रभावित न हो पाए। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार होने वाले मकानों का आवंटन किया जा चुका है। इनका निर्माण कार्य पूरा करने के बाद आवंटियों को उनके मकान की चांबी देनी है।

# सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग केस : ईडी ने की जज बदलने की मांग

## याचिका पर आज फैसला करेंगे जिला जज

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउज एवेन्यू कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष एक आवेदन दायर कर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन की मनी लॉन्ड्रिंग कार्यवाही को किसी अन्य न्यायाधीश को ट्रांसफर करने का आग्रह किया है। ईडी की याचिका पर 19 सितंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार गुप्ता सुनवाई करेंगे। ईडी की याचिका में सत्येंद्र जैन का मामला विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल को ट्रांसफर करने की मांग की गई है। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने पिछली कुछ सुनवाई में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच को लेकर एजेंसी की खिंचाई की थी। सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर दलीलों से संबंधित कुछ तर्कों को उठाने के बाद ईडी की याचिका में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन का मामला स्पेशल जज गीतांजलि गोयल को ट्रांसफर करने की मांग की गई है।



### न्यायिक हिरासत में हैं जैन

अदालत इस समय मामले में सत्येंद्र जैन और अन्य दो सह-आरोपियों अंकुश जैन और वैभव जैन की जमानत याचिकाओं पर लंबी दलीलें सुन रही थी। आरोपी की जमानत पर सुनवाई अंतिम चरण में थी। तीनों व्यक्ति फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के लिए अपील करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने 15 सितंबर को अदालत को सूचित किया कि वे सत्येंद्र जैन की जमानत की कार्यवाही को मौजूदा अदालत से स्थानांतरित करने की याचिका दायर कर रहे हैं।

सत्येंद्र जैन की ओर से वरिष्ठ वकील एन. हरिहरन ने विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल के साथ अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि यह वास्तव में अनुचित है। पूरी तरह से अनुचित। वे चीजों को पूर्ववत कर रहे हैं।

### सीबीआई की एफआईआर के आधार पर ईडी ने की थी जांच

ईडी ने सत्येंद्र जैन और दो अन्य को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 2017 में आप नेता के खिलाफ दर्ज सीबीआई की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था, जिसके तहत उन पर कथित रूप से जुड़ी चार कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप लगाया गया था। इतना ही नहीं, ईडी ने दो दिन पहले 16 सितंबर को आबकारी नीति मामले में सत्येंद्र जैन से तिहाड़ जेल के अंदर पूछताछ की थी।

विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने आबकारी नीति मामले में सत्येंद्र जैन से पूछताछ करने की अनुमति मांगने वाले ईडी के आवेदन को स्वीकार कर लिया था। हाल ही में अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन, उनकी पत्नी और चार फर्मों सहित आठ अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) का भी संज्ञान लिया।

### 6 जून को कई ठिकानों पर मारे छापे

ईडी ने 6 जून को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में विभिन्न स्थानों पर की गई अपनी दिनभर की छापेमारी के दौरान सत्येंद्र जैन के सहयोगियों से 2.85 करोड़ रुपये नकद और 1.80 किलोग्राम वजन वाले 133 सोने के सिक्के जब्त करने का दावा किया था।

इन छापों के दौरान, एजेंसी ने विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड भी जब्त किए।

# केजरीवाल को दागी नेताओं की गिरफ्तारी का डर सता रहा है : बिधूड़ी

## सिसोदिया और गहलोत के घपले हो रहे हैं साबित

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि जैसे चोर की दाढ़ी में तिनका होता है उसी तरह मुख्यमंत्री केजरीवाल को आम आदमी पार्टी के दागी विधायकों की गिरफ्तारी का डर सता रहा है। उन्होंने पूछा कि केजरीवाल के मंत्रियों ने अगर घपले नहीं किए, तो वह इतने भयभीत क्यों हो रहे हैं?

बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल बार-बार अपने विधायकों की गिरफ्तारी की आशंका जता रहे हैं तो इसका मतलब साफ है कि उन्हें पता है कि उनके किन-किन मंत्रियों और विधायकों ने घपले किए हैं। इसीलिए अब उन्हें साफतौर पर नजर आने लगा है कि उन नेताओं को तो गिरफ्तार किया ही जाएगा।

उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का शराब घोटाला और शिक्षा घोटाला अब पूरी तरह सामने आ चुका है।

शराब घोटाले के जो दो स्टिंग ऑपरेशन सामने आए हैं, उनसे साफ साबित हो रहा है कि शराब के ठेकेदारों ने अपने 12 फीसदी कमीशन में से आधा यानी 6 फीसदी आम आदमी पार्टी को नकद रूप में वापस किया है। यह भी साबित हो गया है कि इस पैसे का गोवा और पंजाब के चुनावों में इस्तेमाल किया गया। ऐसे में अगर जांच एजेंसियां यह समझती हैं कि सिसोदिया को गिरफ्तार किया जाना चाहिए तो उन्हें गिरफ्तार किया ही जाएगा। केजरीवाल का विक्टिम कार्ड नहीं चल पाएगा।

उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के खिलाफ भी डीटीसी घोटाला अब पूरी तरह स्पष्ट हो गया है।

बसों की खरीद के साथ-साथ उनके रखरखाव में भी खास कंपनी को जो फायदा पहुंचाया गया, वह किसी से छिपा नहीं है। केजरीवाल द्वारा उनकी गिरफ्तारी की आशंका से भी साफ है कि उन्हें भी यह आभास हो गया है कि इस घोटाले का भी भेद खुल गया है।

बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के अन्य विधायकों ने भी अगर घपले किए हैं तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। केजरीवाल को गिरफ्तारी की आशंका इसलिए सता रही है कि उन्हें पता चल गया है कि उनके चेहरे से मुखौटा अब उतर चुका है।

## एमसीडी के वार्डों के नाम उनमें शामिल गांवों के नाम पर नहीं करने का विरोध किया

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली ग्राम पंचायत संघ दिल्ली प्रदेश ने एमसीडी के वार्डों का परिसीमन करने के दौरान उनके नाम उनमें शामिल गांवों के नाम पर नहीं करने का विरोध किया है। इस संबंध में संघ ने दिल्ली राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त व परिसीमन आयोग के प्रमुख को पत्र भेजा है। संघ ने मांग की कि एमसीडी के वार्डों के नाम उनमें शामिल गांवों के नाम पर किए जाए। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव और 360 गांव सर्व खाप के सुरेश शौकीन ने कहा कि पूरी दिल्ली गांवों की जमीन पर बसी हुई है, लेकिन गांवों को महत्व नहीं दिया जा रहा है। अब गांवों की पहचान भी खत्म करनी शुरू कर दी है। इसका उदाहरण हाल ही में एमसीडी के वार्डों का परिसीमन करने के दौरान देखने को मिला है। अनेक गांवों के नाम से बने वार्डों के नाम बदल दिए गए है। इस कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। इससे पहले गांवों के नाम से स्कूल, सडकों, बसों के रूट बदल दिए गए थे। उन्होंने कहा कि सरूप नगर का लिबासपुर या सिरसपुर, कृष्ण विहार का पूंठ कलां, शाहबाद डेयरी का प्रहलादपुर, नांगलोई का घेवरा या सावदा, सुल्तानपुरी ए का सुल्तानपुर माजरा, गुरु हरीकिशन नगर को पीरागढ़ी, मंगोलपुरी बी का मंगोलपुर खुर्द, रोहिणी सी का मंगोलपुर कलां, शालीमार बाग ए का शालीमार गांव, शालीमार बाग बी का सहीपुर, पश्चिम विहार का ज्वालाहेड़ी, त्रिनगर का रामपुरा, मॉडल टाउन का राजपुरा, शास्त्री नगर का नीमड़ी गांव, राजौरी गार्डन का तितारपुर, चौखंडी नगर का चौखंडी गांव, जनकपुरी पश्चिम का गांव असालतपुर, विकासपुरी का बुढ़ेला गांव, मोहन गार्डन ईस्ट का नवादा, द्वारका बी का पोचनपुर, द्वारका सी वार्ड का नाम गांव के नाम पर किया जाए। इसके अलावा कई अन्य वार्डों के नाम भी उनमें श ?ामिल गांवों के नाम किए जाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी इस मांग पर गौर नहीं किए जाने की स्थिति में वह आंदोलन करेंगे और कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाने से पीछे नहीं हटेंगे।

# गुणवत्तापूर्ण जीवन है कैंसर केयर के क्षेत्र में नया लक्ष्य

**विवेक राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। इम्यूनोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी और रोबोट्स के प्रयोग ने कैंसर के इलाज को नई ऊंचाई दी है। इनकी मदद से आज कैंसर के मरीजों का जीवन बचने की संभावना बहुत बढ़ी है। हालांकि अब भी कैंसर से ठीक हुए मरीजों के जीवन की गुणवत्ता चिंता का विषय है। वार्षिक सेमिनार 'कैंसर सहयोग' के दौरान विशेषज्ञों ने इस विषय पर विमर्श किया। इस साल सेमिनार की थीम क्वालिटेटिव सर्वाइवरशिप (गुणवत्तापूर्ण जीवन) रखी गई है।

इंडियन कैंसर सोसायटी (आईसीएस) दिल्ली की चेयरपर्सन ज्योत्सना गोविल ने कहा कि कैंसर अब लाइलाज नहीं है। अगर जल्दी पता चल जाए तो कैंसर का इलाज संभव है। लेकिन डॉक्टर और मरीज दोनों ही इलाज के बाद अर्थपूर्ण जीवन की आशा करते हैं।

कैंसर सर्वाइवर्स के जीवन की गुणवत्ता पर चर्चा करते हुए आईसीएस दिल्ली की सचिव रेणुका प्रसाद ने कहा कि समय पर जांच और इलाज की नई तकनीकों के दम पर कैंसर सर्वाइवर्स की संख्या बढ़ रही है। 2018 में दुनियाभर में करीब 3 करोड़ लोग थे जो तीन साल पहले कैंसर के इलाज से ठीक हुए थे और 4.4 करोड़ ऐसे थे, जिन्हें ठीक हुए पांच साल हो चुका था। हालांकि एक बड़ी चुनौती अभी भी बनी हुई है, वह है समय पर जांच न होने की। अभी भी 80 प्रतिशत कैंसर के मामले आखिरी स्टेज में सामने आते हैं। रेणुका ने स्वयं 25 साल पहले कैंसर को मात दी है।

कैंसर और इसके इलाज के बाद ध्यान केंद्रित करने में परेशानी, याददाश्त कमजोर होना, थकान, अवसाद और एंजाइटी जैसी कुछ दिक्कतें हो सकती हैं।

इसके अलावा ऑस्टियोपोरोसिस, हाइपरटेंशन, दिल की बीमारी, डायबिटीज, बहुत ज्यादा दर्द, एंडोक्राइन डिसफंक्शन या सेकेंडरी कैंसर जैसी शारीरिक परेशानियों की आशंका भी रहती है। अगर ध्यान न दिया जाए तो इनके कारण कैंसर सर्वाइवर का जीवन मुश्किल हो जाता है।

राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के मेडिकल ओंकोलॉजी डायरेक्टर डॉ. विनीत तलवार ने कहा, 'वर्तमान दौर में कैंसर केयर में मरीज के शरीरिक, मानसिक और अन्य सामाजिक पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाता है। इन पर ध्यान रखकर ही मरीज के लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित हो सकता है।' उन्होंने कहा कि कैंसर सहयोग एक शानदार पहल है। इस यूनिट के माध्यम से मरीजों को मिलने वाला भावनात्मक सहयोग बहुत सहायक सिद्ध होता है।

गुरुग्राम स्थित मेदांता, द मेडिसिटी की सीनियर डायरेक्टर ब्रेस्ट सर्विसेज डॉ. कंचन कौर ने कहा मरीज के जीवन की गुणवत्ता के लिए इलाज के बाद फॉलो-अप केयर बहुत महत्वपूर्ण है। बत्रा हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर के सर्जिकल ओंकोलॉजी डायरेक्टर डॉ. सुदीप रैना ने कहा कि कैंसर के इलाज के बाद शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को तो देखा जा सकता है, लेकिन मानसिक एवं भावनात्मक मोर्चे पर ज्यादा सहयोग की आवश्यकता होती है। नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट (झज्जर), एम्स के ओंको एनेस्थीसिया एंड पैलिएटिव मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रशात सिरोहिया और मैक्स हेल्थकेयर की सीनियर साइको ओंकोलॉजिस्ट हिबा सिद्दीकी ने भी कैंसर के इलाज के बाद मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने की जरूरत पर जोर दिया। हिबा सिद्दीकी ने इलाज के बाद धूम्रपान और शराब के सेवन से दूर रहने की भी सलाह दी। ऐसा नहीं करने से दोबारा कैंसर का खतरा रहता है।

1992 में कुछ वॉलंटियर्स ने मिलकर कैंसर सहयोग का गठन किया था। आज इससे 100 से ज्यादा वॉलंटियर जुड़ चुके हैं। इनमें बहुत से वॉलंटियर खुद कैंसर सवाईवर हैं या केयरगिवर्स हैं। दिल्ली एनसीआर में 15 अस्पतालों में कैंसर सहयोग के वॉलंटियर मरीजों और उनके परिवार की मदद करते हैं।

# जिगोलो बनाने के नाम पर 100 लोगों को ठगने वाला कॉल सेंटर पकड़ा

## 2 महिलाओं सहित 4 गिरफ्तार; 12वीं पास शुभम है मास्टरमाइंड

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली की उत्तर-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने जिगोलो बनाने मसाज सर्विस देने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह में शामिल 2 महिलाओं सहित 4 लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। यह आरोपी पिछले 2 साल में 100 से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं। सभी आरोपी दिल्ली के ही रहने वाले हैं।

पुलिस ने बताया कि यह गिरोह भोलेभाले बेरोजगार लोगों को जिगोलो या मसाज सेवाएं देने के बदले मोटी सैलरी और अन्य लाभ देने का लालच देकर ठगते थे। पुलिस ने इनके पास से 7 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, एटीएम कार्ड और कुछ दस्तावेज बरामद किए हैं।



### सोशल मीडिया पर देते थे विज्ञापन

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए इन इन चारों ठगों की पहचान- शुभम आहूजा निवासी राजौरी गार्डन, उदित मेहता (26 वर्ष) निवासी सुभाष नगर, नेहा छाबड़ा (24 साल) निवासी सुभाष नगर और अर्चना आहूजा (44 साल) निवासी सुभाष नगर के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया यह आरोपी पिछले 2 साल में 100 से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं। यह इनके झांसे में आने वाले लोगों से रजिस्ट्रेशन फीस, मसाज किट, होटल बुकिंग आदि के नाम पर पैसे की मांग करते थे। यह गिरोह सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म, रैंडम व्हाट्सएप टेक्स्ट मैसेज और डेटिंग ऐप पर विज्ञापन पोस्ट करते थे।

### अवनीत सिंह संधू ने दर्ज कराई थी शिकायत

साइबर थाना पुलिस को इन आरोपियों के खिलाफ अवनीत सिंह संधू (23 वर्ष) निवासी किंग्सवे कैंप, दिल्ली से एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे उसके मोबाइल फोन पर अज्ञात नंबर से एक वॉट्सऐप मैसेज मिला था, जिसमें उसे लोगों के घर जाकर मालिश करने के लिए एक पुरुष मसाज वाले की नौकरी की पेशकश की गई थी। उसने जब दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो उसे रजिस्ट्रेशन के लिए 3500 रुपये देने के लिए कहा गया। शिकायतकर्ता ने पेटीएम के माध्यम से पैसों का भुगतान कर दिया। इसके अलावा भी उसे रजिस्ट्रेशन फीस, मसाज किट, होटल बुकिंग आदि के नाम पर और रुपये देने के लिए कहा गया था। इस तरह से शिकायतकर्ता ने कुल 47,200 रुपये चुका दिए थे, लेकिन उसे ऐसी कोई नौकरी प्रदान नहीं की गई थी, तब उसे एहसास हुआ कि नौकरी के नाम पर उसे ठगा गया था।

इसके बाद अवनीत सिंह ने इस संबंध में साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा अन्य मामलों में भी उनकी संभावित संलिप्तता का पता लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### जल्द अमीर बनने लालच में करते थे ठगी

पुलिस ने बताया कि शुभम आहूजा इस ठगी का मास्टरमाइंड है। उसने 12वीं तक पढ़ाई की है। वह जिगोलो/प्लेबॉय जॉब्स के लिए सोशल मीडिया, रैंडम टेक्स्ट मैसेज, पोर्न वेबसाइट और डेटिंग ऐप्स के जरिए विज्ञापन पोस्ट करता था। वह जिगोलो/प्लेबॉय जॉब्स के बदले युवाओं को ठगता है, क्योंकि उन्हें निशाना बनाना आसान होता है। वह इस फर्जी कॉल सेंटर को चलाता था और विभिन्न बैंक खातों में ठगी के पैसे प्राप्त करता था। वह एक शानदार जीवनशैली जीने का शौकीन था और लोगों को धोखा देता था ताकि आसान पैसा कमाया जा सके।

वहीं, उदित मेहता इस फर्जी कॉल सेंटर में मैनेजर के तौर पर काम करता था। उसने 12वीं तक पढ़ाई की है। वह भी एक शानदार जीवन शैली जीने का शौकीन था और लोगों को धोखा देता था ताकि आसान पैसा कमाया जा सके।

नेहा छाबड़ा वह कॉल सेंटर में टेली-कॉलर का काम करती थी। उसने स्नातक स्तर तक पढ़ाई की है। वह आसानी से पैसा कमाने के लिए धोखाधड़ी का अपराध करती थी। वहीं, अर्चना आहूजा भी इस कॉल सेंटर में टेली-कॉलर का काम करती थी। उसने स्नातक स्तर तक पढ़ाई की है। वह आसानी से पैसा कमाने के लिए धोखाधड़ी का अपराध करती थी।

# युवक ने छोटे भाई की कैंची से गोद कर दी हत्या

## घर अपने नाम पर नहीं होने से था नाराज

नई दिल्ली दिल्ली में एक युवक ने अपने छोटे भाई की कैची से गोद कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद की वजह से 25 साल के इस युवक ने इस भयानक हत्याकांड को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक का नाम रोहित है। परिवार में प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। इसके बाद इसी साल अगस्त के महीने में रोहित की मां ने उसे प्रॉपर्टी से अलग कर दिया था। जिसके बाद रोहित ने अपने छोटे भाई की हत्या कर दी। घटना नॉर्थईस्ट दिल्ली के नंदनागिरी इलाके की है। पुलिस ने बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे जीटीबी अस्पताल से उन्हें सूचना मिली कि यहां यश नाम के एक लड़के को घायल हालत में भर्ती किया गया है। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। अस्पताल में लड़के की मां माया देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति एक फोटो स्टूडियो चलाते थे। लेकिन कोविड की वजह से साल 2020 में उनकी मृत्यु हो गई थी। उनके तीन बेटे हैं। जिनमें 25 साल के रोहित के अलावा 23 साल का प्रशांत और 21 साल का यश शामिल हैं। यह सभी




अविवाहित हैं। पुलिसिया जांच में पता चला है कि पति की मौत के बाद घर पत्नी के नाम पर ट्रांसफर कर दिया गया। लेकिन रोहित चाहता था कि घर उसके नाम पर रहे। रोहित को शराब की लत थी और अक्सर को घर में लड़ाई भी करता था। शराब और हल्ला-हंगामा करने की लत की वजह से रोहित की मां ने उसे जायदाद से अलग कर दिया था। शनिवार की रात जायदाद को लेकर परिवार में फिर झगड़ा हुआ, जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया था। रोहित ने शराब पी रखी थी और उसे जीटीबी अस्पताल में भेजा या। बाद में रोहित घर वापस आया। इसके बाद वो फिर अपनी मां और भाइयों से लड़ने लगा। उसने अपने छोटे भाई यश के सीने पर कैंची से हमला कर दिया और फिर वहां से फरार हो गया। जख्मी यश को अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

## स्वास्थ्य शिविर में 176 लोगों की जांच

नोएडा। जिला अस्पताल में रविवार को लगाए गए शिविर में 176 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर का उद्घाटन स्थानीय सांसद डॉ. महेश शर्मा ने किया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. खालिद सहित अन्य डॉक्टरों ने मरीजों को परामर्श दिया। परामर्श के साथ ही मरीजों की जांच की गई। दवाएं दी गईं। सीएमएस डॉ. पवन कुमार अरुण भी मौजूद रहे। नोएडा। पल्स पोलिया अभियान रविवार से शुरू हो गया। पहले दिन लगभग दो लाख बच्चों को दवा पिलाई गई। अभियान छह दिनों तक चलेगा। जिला अधिकारी सुहास एलवाई ने जिला अस्पताल में बच्चों को दवा पिलाकर इसकी शुरुआत की। बूथ पर दवा पिलाने के बाद बचे हुए बच्चों को घर-घर जाकर दवा दी जाएगी।

## अमानतुल्लाह खान के समर्थकों पर कसा शिकंजा, एसीबी अधिकारी से मारपीट में 4 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान के घर छापेमारी के दौरान एसीबी के एक अधिकारी से मारपीट करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने चार आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) द्वारा शुक्रवार 16 सितंबर को जामिया नगर में आप विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर की गई छापेमारी के दौरान विधायक के समर्थकों द्वारा एसीबी के एक अधिकारी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया था। एसीबी ने मारपीट की उस घटना का एक वीडियो भी रविवार को जारी किया है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि एसीबी की छापेमारी टीम को अपने कर्तव्य के आधिकारिक निर्वहन के दौरान बाधा डालने के आरोप में चार आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

बता दें कि, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली की ओखला विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को शनिवार को चार दिन की एसीबी की कस्टडी में भेज दिया है। अमानतुल्लाह पर दिल्ली वक्फ बोर्ड की संपत्ति में गड़बड़ी करने का आरोप है। अब चार दिन बाद ही उनकी जमानत पर सुनवाई होगी। दिल्ली एसीबी ने भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को आप विधायक अमानतुल्लाह खान को 8 घंटे चली पूछताथ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

## शार्ट न्यूज

### बहराइच में पेट्रोल कम देने की बात पर फूंक दी बाइक, झुलसे युवक की हालत गंभीर

**बहराइच।** बहराइच के रिसिया के बहबुलिया गांव में अवैध रूप से पेट्रोल बिक्री करने वाले दुकानदार व बाइक चालक में कम माप को लेकर कहासुनी हुई। दुकानदार ने माचिस से बाइक फूंक दी। आग बुझाने के दौरान झुलसे युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर दिया गया। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। रिसिया थाने के बहबुलिया गांव निवासी कमलेश शुक्रवार शाम बाइक में गांव के ही चौराहे पर रमजान की दुकान पर पेट्रोल भरवाने गया। कमलेश ने पेट्रोल का माप कम होने की बात कहे जाने पर एतराज पर कहासुनी हो गई। गुस्साए रमजान ने माचिस की तिल्ली जलाकर बाइक की पेट्रोल टंकी पर फेंक दी। बाइक ने आग पकड़ ली। बाइक में लगी आग बुझाने की कोशिश में वह झुलस गया। युवक को थाने लाए जाने पर पुलिस ने उसे मेडिकल को भेजते हुए आगजनी व धमकी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। एसएचओ इंद्रजीत यादव ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। नामजद की तलाश की जा रही है।

### भारी बारिश से तबाही मच रही सरयू नदी, दर्जनों गांवों में भरा पानी, आवागमन बंद

**बाराबंकी।** भारी बारिश और नेपाल द्वारा लगातार छोड़े जा रहे पानी से सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 45 सेंमी. ऊपर पहुंचकर तबाही मचाना शुरू कर दिया है। तराई के करीब 50 गांवों में बाढ़ का पानी भर गया। जिससे गांवों का संपर्क टूट गया। नेपाल ने तीन लाख क्यूसेक पानी दो बैराजों से छोड़ा है। वहीं नदी में करीब 46 हजार क्यूसेक पानी बरसात का आने से सरयू नदी उफान पर है। रामनगर के सुंदर नगर, समेत 30 गांव व सिरौलीगौसपुर तहसील में बंधे के अंदर बसे दो दर्जन गांवों में पानी भर जाने से लोग घरों मे कैद हो गए। मवेशियों के चारा लेने के लिए किसान नाव से खेतों को जाने को मजबूर हैं। बाढ़ पीड़ित घरों की छतों पर डेरा डाल जीवन यापन कर रहें हैं। इन हालातों में कई बाढ़ पीड़ितों के पास भोजन पकाने के लिए न तो गैस है और न ही लकड़ी। लोग एक दूसरे की मदद कर गुजारा कर रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि प्रशासन से उन्हें अब तक कोई मदद नहीं मिली। नाव से सिलेंडर लेकर बाढ़ जान जोखिम में डालकर गैस भराने जाते दिखाई दिए।

### शिशु मंदिर जैसी शिक्षा देशभर में मिलें तो बदल जायेगी देश की तकदीर : दयाशंकर

बलिया। उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन राज मंत्री दयाशंकर सिंह नें उत्तर प्रदेश में मदरसों के साथ सरस्वती शिशु मंदिर के सर्वे की उठ रही मांग पर रविवार को कहा कि शिशु मंदिर जैसी शिक्षा अगर पूरे देश में मिलने लगे तो पूरे देश की तकदीर बदल जाएगी। यहां जिला अस्पताल में रविवार को एक सरकारी कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान दयाशंकर सिंह नें कहा बलिया में शिक्षा जगत में नागा जी सरस्वती शिशु मंदिर का बड़ा स्थान है। यहाँ हर माँ – बाप चाहते हैं, कि मेरा बच्चा शिशु मंदिर में पढ़े। पर हम लोग चाहकर भी उसमें एक प्रवेश नहीं करा पाते हैं। परिवहन मंत्री नें कहा कि अगर संघ के सरस्वति शिशु मंदिर जैसी शिक्षा पूरे देश के छात्रों को मिलने लगे, तो बलिया ही नहीं, पूरे देश की तकदीर बदल जाएगी। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के सवाल पर पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए दयाशंकर सिंह नें कहा हम मोदी जी का जन्मदिन औरों की तरह करोड़ो रूपए खर्च कर सिनेमा जगत के लोगों का नृत्य कराकर नहीं, बल्कि एक सेवा पखवाड़े की तहत गरीबों की सेवा करने व उनतक जो चीजें नहीं पहुंची हैं, वो पहुंचाने के लिए मना रहे हैं। उन्होनें कहा कि जन्मदिन के अवसर पर 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक एक सेवा पखवाड़े के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, अपने को गरीबों की सेवा में लगाए हुए हैं। जन्मदिन किसी मनोरंजन के लिए नहीं सेवा के लिए मनाया जा रहा है।

### जौनपुर : पूर्वांचल विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों को मिला शोध अनुदान

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान के दो शिक्षकों डॉ. दिनेश कुमार वर्मा व डॉ. मिथिलेश यादव और नैनोसाइंस सेंटर के वैज्ञानिक डॉ. सुजीत कुमार चौरसिया को कॉउंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, उत्तर प्रदेश (यूपीसीएसटी) द्वारा क्रमश: 12–12 लाख रुपये प्रोजेक्ट के अन्तर्गत शोध कार्य के लिए मिला है। इस रिसर्च ग्रांट की अवधि तीन वर्षों की होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, ग्रैफीन के नैनोकम्पोजिट से नैनो–लुब्रीकेंट तैयार करेंगे। इस विकसित नैनो लुब्रीकेंट का उपयोग वाहनों/मशीनों के इंजन में फिसलने वाली मेटैलिक सतहों के बीच घर्षण एवं घिसाव के कारण उत्पन्न गर्मी तथा मैटेलिक क्षति को कम करने में किया जायेगा। डॉ. वर्मा ने बताया कि विकसित लुब्रीकेंट पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ–साथ बहुत सस्ते होंगे तथा इनके उपयोग से वाहनों/मशीनों को चलाने की लागत बहुत कम हो जायेगी और इंजन खराब होने का खतरा नहीं रहेगा उसकी समय सीमा बढ़ जाएगी। इससे पहले डॉ. वर्मा, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (बी. एच. यू.), वाराणसी, में नैनो–लुब्रीकेंट के क्षेत्र में रिसर्च कर चुके हैं।

### विद्युत लाइनमैन हत्या मामले में एसओजी सहित आठ पुलिसकर्मी निलंबित

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के नवाबगंज थाना परिसर में पूछताछ के दौरान विद्युत लाइनमैन की हुई मौत के मामले में हो रही किरकिरी के बीच एसओजी और थाने में तैनात कुल आठ अन्य पुलिसकर्मियों को लापरवाही बरतने के आरोप में एसपी ने तत्काल प्रभाव से रविवार को निलंबित कर दिया जबकि मामले में नवाबगंज थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह और एसओजी प्रभारी अमित यादव पूर्व में सस्पेंड किये गये जा चुके हैं। कुल मिलाकर अब तक इस मामले में दस पुलिसकर्मियों पर गाज गिर चुकी है। ये जानकारी देते हुये आकाश तोमर ने बताया कि गत 14 सितम्बर को विद्युतलाइन मैन देव नारायण यादव को हत्या के एक मामले में पूछताछ के लिये थाना लाया गया था जहां पूछताछ के दौरान तबियत बिगड़ने पर देव को जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होनें बताया कि परिजनों के आरोप पर फिलहाल जांच में प्रथमदृश्या प्रकाश में आये दस आरोपियों पर कार्यवाही की गयी है फिलहाल जांच के दायरे जो भी शख्स आ रहा है उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होनें बताया कि जांच अधिकारी को इन सभी की भूमिका की गहराई से हर पहलू पर जांच करने के निर्देश दिये गये है।

### जौनपुर : 23 सितंबर तक छह लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जायेगी पोलिया की दवा

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद में 18 से 23 सितंबर तक सघनपल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पांच वर्ष तक के 6.37 लाख बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलायी जायेगी। इस अभियान का उद्घाटन रविवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। वहीं जनपद के कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी भवन में बदलापुर क्षेत्र के विधायक रमेश चंद्र मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होकर जनपद में अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने जनपदवासियों अपील की है कि अभियान के दौरान अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलाएँ। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में रविवार को पोलियो बूथ दिवस मनाया जा रहा है जिसमें 1872 बूथों पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार से प्राथमिक स्कूलों और घर–घर जाकर पांच दिनों तक पोलियो टीकाकरण टीमें छूटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इसके लिए 3,784 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह सभी बूथ प्राथमिक स्कूलों पर बनाए गए हैं। 1,240 टीमें घर–घर जाकर पोलियो कि खुराक पिलाने का कार्य करेंगी।

# विधानसभा सत्र से पहले हुई कार्य मंत्रणा की बैठक

## आज से शुरु होगा मानसून सत्र; सपा ने कहा- 10 दिन का सदन का सत्र हो

**एजेंसी**

लखमऊ। 19 सितंबर यानी सोमवार को उत्तर प्रदेश में विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हो रहा है। इससे पहले राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है। विधानसभा का सत्र शुरू होने से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। इसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। बैठक में सीएम योगी समेत सभी विपक्षी दलों के नेता भी मौजूद हैं।

इसके बाद भाजपा विधायक दल सचेतक मंडल की बैठक शाम 4 बजे, 5 कालिदास मार्ग पर होगी। इस बैठक के बाद विधानसभा सत्र के पूर्व NDA के विधानसभा सदस्यों/विधान परिषद सदस्यों की बैठक–शाम 6 बजे, लोकभवन सभागार मे होनी है। आज सभी दल विधानसभा सत्र के दौरान अपनी रणनीति बनाएंगे।



### दोपहर में सर्वदलीय बैठक

यूपी में मानसून सत्र से पहले आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में सभी राजनीतिक दलों के विधानमंडल दल के नेता हिस्सा लेंगे। इस दौरान इन सभी दलों से मानसून सत्र को चलाने में सहयोग करने पर विधानसभा अध्यक्ष चर्चा करेंगे। इस बार यूपी विधानसभा का मानसून सत्र पांच दिनों तक चलेगा।

### दोनों पार्टियों की बैठक

इसके अलावा भाजपा और समाजवादी पार्टी के ओर से भी अलग–अलग बैठक बुलाई गई है। भाजपा विधानमंडल दल की बैठक शाम छह बजे होगी। इस बैठक में विपक्ष के हमले पर सदन के लिए जवाब और रणनीति पर चर्चा होगी। इस बैठक में सीएम योगी के अलावा दोनों डिप्टी सीएम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सभी विधायक और विधान परिषद के सदस्य हिस्सा लेंगे।

### विपक्ष की सरकार को घेरने की तैयारी

सत्ता पक्ष के खिलाफ विपक्ष भी मानसून सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति तैयार करेगा। इसके लिए सपा प्रमुख और नेता विपक्ष अखिलेश यादव ने बैठक बुलाई है। सपा प्रमुख बैठक में बीजेपी सरकार के खिलाफ रणनीति पर विचार करेंगे। इस बैठक में सपा के सभी विधायकों के साथ ही विधान परिषद सदस्य भी शामिल होंगे। ये बैठक दोपहर 12 बजे लखनऊ स्थित पार्टी दफ्तर पर होगी।

### हंगामेदार होगा यह मानसून सत्र

सरकार के सूत्रों का कहना है कि कैबिनेट ने माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022 के मसौदे को भी मंजूरी दे दी है जिसे यूपी विधानसभा के इसी सत्र में पेश किया जाएगा। इस दौरान सदन के भीतर सरकार 100 दिन के उपलब्धियों का बखान भी कर सकती है। साथ ही इस दौरान विपक्ष भी जोरदार तैयारी के साथ सदन में उतरेगा। यूपी में सूखे की स्थिति को लेकर भी कार्यवाही के दौरान हंगामा होने की उम्मीद है।

### कलेक्ट्रेट परिसर में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में रविवार को एक युवक का शव पेड़ फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फौरी तौर पर यह आत्महत्या का मामला लगता है। पुलिस ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) की अदालत के पीछे हुई इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद भदेसर गांव के निवासी कुलदीप प्रजापति (25) पुत्र कमलेश प्रजापति ने आज दोपहर करीब एक बजे डीएम कोर्ट के पीछे स्थित एक पेड़ के सहारे फांसी लागकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही लाइन बाजार पुलिस मौके पर आई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शिशु मंदिर जैसी शिक्षा देशभर में मिलें तो बदल जायेगी देश की तकदीर : दयाशंकर

बलिया। उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन राज मंत्री दयाशंकर सिंह नें उत्तर प्रदेश में मदरसों के साथ सरस्वती शिशु मंदिर के सर्वे की उठ रही मांग पर रविवार को कहा कि शिशु मंदिर जैसी शिक्षा अगर पूरे देश में मिलने लगे तो पूरे देश की तकदीर बदल जाएगी। यहां जिला अस्पताल में रविवार को एक सरकारी कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान दयाशंकर सिंह नें कहा बलिया में शिक्षा जगत में नागा जी सरस्वती शिशु मंदिर का बड़ा स्थान है। यहाँ हर माँ – बाप चाहते हैं, कि मेरा बच्चा शिशु मंदिर में पढ़े। पर हम लोग चाहकर भी उसमें एक प्रवेश नहीं करा पाते हैं। परिवहन मंत्री नें कहा कि अगर संघ के सरस्वति शिशु मंदिर जैसी शिक्षा पूरे देश के छात्रों को मिलने लगे, तो बलिया ही नहीं, पूरे देश की तकदीर बदल जाएगी। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के सवाल पर पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए दयाशंकर सिंह नें कहा हम मोदी जी का जन्मदिन औरों की तरह करोड़ो रूपए खर्च कर सिनेमा जगत के लोगों का नृत्य कराकर नहीं, बल्कि एक सेवा पखवाड़े की तहत गरीबों की सेवा करने व उनतक जो चीजें नहीं पहुंची हैं, वो पहुंचाने के लिए मना रहे हैं। उन्होनें कहा कि जन्मदिन के अवसर पर 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक एक सेवा पखवाड़े के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, अपने को गरीबों की सेवा में लगाए हुए हैं।

# बदायूं में 50 लाख की अफीम समेत पकड़े गए पिता-पुत्र

## मुरादाबाद के हैं मूल निवासी, 5 साल से बदायूं में रह रहे थे शातिर

बदायूं। बदायूं में अलापुर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो किलो ए वन क्वालिटी की अफीम बरामद हुई है। बरामद माल की कीमत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में तकरीबन 50 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी यह खेप बरेली से लेकर आए थे और मूल रूप से मुरादाबाद जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ NDPS के तहत एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस ने ककराला चौराहे पर चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार दो लोगों को रोक लिया। पुलिस के मुताबिक उनके पास से स्कूटी से जुड़े प्रपत्र नहीं मिले। तलशी में थैला मिला, जिसमें अफीम थी। इस पर पुलिस दोनों को थाने ले आई।



पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम असकर हुसैन व फिरोज बताए। फिरोज असकर का बेटा है।

दोनों मूलरूप से मुरादाबाद के थाना मेनाठेर इलाके के मोहम्मदपुर माफी गांव के रहने वाले हैं। जबकि बीते तकरीबन 5 साल से सदर कोतवाली इलाके के ऊपरपारा मोहल्ले में आकर बस गए हैं।

### ग्राहक की तलाश जारी

SHO अलापुर संजीव शुक्ला ने बताया कि दोनों ने बरेली से अफीम लाने की बात कबूली है। वहां से सस्ते दाम में माल लाकर यहां बेचने का काम दोनों करते हैं। यहां जो ग्राहक था, उसका नाम भी पता लगा है लेकिन उसे उजागर नहीं किया जा सकता। क्योंकि उसकी तलाश जारी है। जल्द ही पूरे गैंग को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, क्योंकि कई महत्वपूर्ण क्लू मिले हैं।

# लखनऊ में डॉक्टर ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को मारी गोली, अस्पताल ले जाते वक्त हुई मौत

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में शनिवार देर रात एक शख्स ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली लगने के बाद बुलेट सिर के आर–पार हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान डॉक्टर मनीष यादव के तौर पर हुई है। वह नोवा अस्पताल का मालिक था।

ठाकुरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय यादव ने बताया कि डॉक्टर मनीष यादव नोवा अस्पताल के संचालक थे। किसी बात को लेकर उनका परिजनों से झगड़ा हो गया जिसके बाद उन्होंने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उन्हें लहूलुहान हालात में नोवा अस्पताल ले गए लेकिन वहां से डॉक्टरों ने उन्हें ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

मौके से पुलिस ने डॉक्टर मनीष यादव की लाइसेंसी पिस्टल बरामद की है। पुलिस सभी लोगों से बयान ले रही है। लेकिन अभी तक ये नहीं पता चल सका है कि अखिरकार डॉक्टर मनीष यादव ने सुसाइड क्यों किया। पूछताछ के दौरान ये भी पता चला कि चार दिन पहले ही उनकी पत्नी तबीयत खराब होने के वजह से मायके चली गई थी।

### 4 साल पहले भाई को डकैतों ने मार दी थी गोली

परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने 7 साल पहले मलिहाबाद से आवास विकास कॉलोनी आ गए थे। उनकी चार साल की एक बेटी भी है। मनीष यादव के परिजनों ने बताया कि साल 2018 में डकैतों ने उनके छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### कुशीनगर के बांसी धाम में बदलाव लाने को सदर विधायक ने शुरू की पहल

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के सीमावर्ती इलाके में स्थित बांसी धाम में व्यवस्था परिवर्तन की पहल विधायक मनीष जायसवाल ने शुरू कर दी है। सदर विधायक ने उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा से लगे बांसी धाम को राज्यस्तरीय मेला स्थल घोषित किये जाने की मांग विधानसभा में उठायी है।मेला स्थल घोषित करने के लिए शासन ने जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। जिलाधिकारी बांसी धाम को लेकर रिपोर्ट तैयार कराने में जुटे हैं। शनिवार को बारिश के बीच लेखपाल मौके पर पहुंच भौतिक सत्यापन करने में लगे रहे।

### एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों के सामने ही 15 हजार रुपये रिश्वत लेने लगा जेई, गिरफ्तार

मुरादाबाद। एंटी करप्शन ब्यूरो की मुरादाबाद टीम ने जिस जेई के रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है वह शातिराना अंजाम में पैसे मांग रहा था। डिलारी के गांव जटपुरा निवासी शिकायतकर्ता नाजिम ने बताया कि उसने अपनी दुकान के लिए कॉमर्शियल कनेक्शन लेने के लिए 3 सितंबर को यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद दस दिन तक इंतजार करता रहा। उक्त आवेदन सुल्तानपुर दोस्त विद्युत उपकेंद्र के जेई पंकज शर्मा के पास पहंच गया। उन्होंने इस आवेदन को लंबित कर दिया। जब कई दिन तक कार्रवाई नहीं हुई तो परेशान होकर नाजिम ने 16 सितंबर को जेई पंकज शर्मा से संपर्क किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से प्रार्थनापत्र पर कार्रवाई करने के लिए 15 हजार रुपये मांग लिए। दायित्वबोध कराने के बाद भी वह बिना पैसे के काम करने से मना कर दिया। इसके बाद नाजिम सीधे एंटी करप्शन ब्यूरो में पहुंच कर शिकायत कर दिया। एंटी करप्शन टीम के लोगों के साथ नाजिम ने कॉल किया तब भी वह पैसे मांगता रहा। बाद में ट्रैप करने के लिए एंटी करप्शन टीम ने योजना बना ली। योजना के तहत ही शनिवार को नाजिम को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम सुल्तानपुर दोस्त विद्युत उपकेंद्र पर पहुंची। सादे कपड़ों में पहुंचे टीम के लोग विद्युत उपकेंद्र के आसपास खड़े हो गए और नाजिम को जेई के पास भेज दिया।

### मेरठ में सूरजकुंड पार्क बनेगा पिकनिक स्पॉट

मेरठ। जल्द ही यूपी के मेरठ शहर के बीच बना सूरजकुंड पार्क आपको बदला–बदला सा नजर आएगा। सूरजकुंड पार्क को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। पिकनिक स्पॉट के तौर पर विकसित कर कायाकल्प की योजना है। इसके तहत पार्क में घूमने के दौरान बोटिंग, चाय–काफी के लिए कैफेटेरिया उपलब्ध होगा। बच्चों के लिए दार्जिलिंग की तरह टॉय ट्रेन भी उपलब्ध होगी। बस इसके लिए आपको शुल्क देना होगा। नगर निगम ने सूरजकुंड पार्क को शहर के पिकनिक स्पॉट बनाने की योजना तैयार की है। इसके लिए देश भर की कंपनियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में कोई पिकनिक स्पॉट नहीं है। पार्क के तौर पर सूरजकुंड पार्क है। वहीं लेडीज पार्क केवल महिलाओं और लड़कियों के लिए है। निगम अधिकारियों के अनुसार, शहर में एक ऐसा पार्क तैयार करने की योजना है, जहां आकर एक अलग एहसास हो। पार्क में बड़े–बच्चे बोटिंग का आनंद ले सकेंगे। पार्क में इसके लिए कृत्रिम झील तैयार करने की योजना है। फाउंटेन को कलरफुल बनाया जाएगा। पार्क में ओपन जिम, बोटिंग, टॉय ट्रेन व कैफेटेरिया तैयार किया जाएगा। पार्क 2 वर्ष के लिए कंपनी को लीज पर दिया जाएगा। नगर निगम के प्रस्ताव के अनुसार सूरजकुंड पार्क की देखरेख, विकास आदि का काम निजी कंपनी के जिम्मे होगा। राजस्व प्राप्ति में नगर निगम का शेयर होगा। कंपनी को दो साल के लीज पर दिया जाएगा। कंपनी को निजी गार्ड आदि की व्यवस्था करनी होगी। वहीं पार्क में प्रतिदिन टहलने वालों के लिए वाकिंग ट्रैक की व्यवस्था की जाएगी। वैस नगर निगम का ही सारा अधिकार रहेगा।

### दलित महिला और उसकी नाबालिग बेटी की नृशंसा हत्या

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में दलित परिवार की विधवा और उसकी नाबालिग बेटी की नृशंस हत्या करने का मामला सामने आया है। हंगामे के बाद डीआईजी ने मौके का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने रविवार को बताया कि गजरौला थाना क्षेत्र के दिल्ली–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव कांकाठेर मे एक महिला व उसकी बेटी के शव पडे होने की पुलिस को सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पुलिस ने मौका मुआयना किया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गए हैं। बताया कि कांकाठेर निवासी पवनसिंह की 2013 में मृत्यु हो गयी थी। पवन की मौत के बाद उसकी मिथिलेश (30) ही परिवार की जिम्मेदारी संभालती थी।

# फतेहपुर की किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म, धर्मांतरण का प्रयास

## पुलिस ने दिल्ली से किशोरी को बरामद कर आरोपित को दबोचा

फतेहपुर। फतेहपुर में बाजार गई एक किशोरी का आठ दिन पूर्व तीन लोगों ने अपहरण कर लिया गया था, जिसके साथ दुष्कर्म कर धर्मांतरण और निकाह का प्रयास किया गया। मोबाइल ट्रेस कर दिल्ली पहुंची थरियांव पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया और आरोपित की गिरफ्तारी कर शुक्रवार को थाने ले आई। रविवार को अपहरण, दुष्कर्म आदि का मामला दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया है। थरियांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी जो कक्षा 11 में पढ़ती है। नौ सितंबर को आधारकार्ड संशोधन के लिए दुकान गई थी। वापस नहीं लौटने पर तलाश की तो पता चला कि सरांय निवासी साकिब ने उसका अपहरण कर लिया है। अगले दिन थाने में मामले की शिकायत की। इसके बाद स्वाट टीम आरोपित का मोबाइल फोन लोकेशन ट्रेस करके गुरूवार को दिल्ली पहुंची और किशोरी को बरामद कर आरोपित को भी दबोच लिया। शुक्रवार को किशोरी और आरोपित को लेकर थाने पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो किशोरी ने साकिब सहित तीन साथियों पर अपहरण कर कानपुर में तीन दिनों तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। इसके बाद उसे दिल्ली ले जाकर धर्मांतरण व निकाह करने का दबाव बनाया गया। पुलिस ने साकिब और उसके पिता अफसार अहमद उर्फ टिर्री सहित एक अज्ञात पर अपहरण, पाक्सो, दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि मेडिकल के बाद किशोरी के बयान लिए गए हैं।

# सरकार को जांच में सहयोग करें मदरसे : दारुल उलूम

**एजेंसी**

देवबंद। उत्तर प्रदेश में मदरसों की बेहतरी के लिये योगी सरकार की ओर से गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच के काम में इस्लामी शिक्षा के केन्द्र दारुल उलूम देवबंद ने रविवार को मदरसा संचालकों से सहयोग करने का आह्वान किया है।

सहारनपुर जिले के देवबंद में दारुल उलूम और मदरसा संचालकों की अहम बैठक में सभी मदरसा संचालकों से कहा गया कि वे राज्य सरकार और प्रशासन को जांच में पूरा सहयोग करें। जिससे मदरसों में किसी तरह की कोई कमी या खामी होने पर उसे समय रहते यथाशीघ्र दुरूस्त किया जा सके। दारूल उलूम के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश के 250 मदरसा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का संचालन संयोजक मौलाना शौकत बस्तवी ने किया।



दारूल उलूम की रशीदिया मस्जिद में आज सुबह दो घंटे चली बैठक में मदरसों की जांच के मुद्दे से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर जारी मदरसों के सर्वे में कुछ भी आपित्तजनक नहीं है। मदरसों के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। मदरसा संचालकों को अपने मदरसों का प्रबंधन कानून के मुताबिक करना चाहिए। साथ ही मदसों के वित्तीय मामलों में पूरी पारदर्शिता बरतते हुए विधिवत वार्षिक आडिट कराना चाहिए। बैठक में संस्था के सदर मुदर्रिश मौलाना अरशद मदनी और मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने इस मुद्दे पर अपने विचार रखे। मौलाना मदनी ने आजादी के आंदोलन में मदरसों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत में इस्लामिक शिक्षा के विकास में मदरसों का शानदार योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि देवबंदी मदरसे सभी तरह के आतंकवाद का पुरजोर विरोध करते रहे हैं।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मदरसा संचालक भूमि के स्वामित्व और भवन निर्माण के नक्शे आदि सभी जरूरी प्रमाण जांच समिति के सामने पेश करें।

बिजली, पानी, भोजन, स्वच्छता, पर्यावरण, शौचालय, फर्नीचर आदि की अच्छी व्यवस्था करें। मदरसा संचालक जांच समिति को सभी सूचनाएं देने का काम करे। कुछ भी न छिपाए और जो कमी–खामी हो, उसको जल्द से जल्द दुरूस्त करने का भरोसा दें। साथ ही उन्होंने मदरसों का पंजीकरण कराने की भी संचालकों से अपील की। सभी मदरसें कानून और नियमों का पालन करे और अनियमितताओं को दूर करे।

बैठक में किसी भी प्रतिनिधि ने न तो कोई सवाल किया और न ही कोई सुझाव रखा।

बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में मुफ्ती नोमानी एवं मौलाना मदनी ने कहा, पहले हमें राज्य सरकार की मंशा पर कुछ संदेह था। लेकिन अभी तक हुई मदरसों की जांच से वह संदेह पूरी तरह से दूर हो गया है। उन्होंने कहा कि जांच में किसी भी मदरसे के साथ कोई एतराज वाली बात सामने नहीं आई है। इसके लिये उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की।

# बुलंदशहर : बावरिया गैंग का 50 हजार रु. का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**एजेंसी**

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में जनपद बुलंदशहर में पुलिस ने लूट की एक घटना में वांछित बावरिया गैंग के 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने रविवार को बताया कि कप्तान उर्फ मंगल, निवासी जौरा, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश को कल देर पुलिस मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया। उसके पास से अवैध असलहा और एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है। उसकी पहचान कप्तान उर्फ मंगल उर्फ विजय पुत्र दिनेश उर्फ बड्डा बावरिया निवासी, दुर्गापुरी अलापुर कस्बा व थाना जौरा, जनपद मुरैना, मध्य प्रदेश के रुप में हुई हैं।

उन्होंने बताया कि डिबाई पुलिस को लूटपाट के इरादे से बाइक सवार दो सशस्त्र बदमाशों के बारे में सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने अनूपशहर – अलीगढ रोड पर संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चैकिंग शुरू कर दी। कुछ समय बाद दो संदिग्ध व्यक्ति बाईक पर आते दिखाई दिए। पुलिस ने इन्हें रुकने का इशारा किया। इस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी तथा बाइक को तेजी से लेकर अलीगढ़ की तरफ भागने लगे। इसकी सूचना थाना प्रभारी डिबाई ने दौलतपुर पुलिस चौकी को दी।

पुलिस की घेराबंदी के बाद दोनों पक्षों में जवाबी गोलीबारी होने पर मुठभेड़ में कप्तान उर्फ मंगल को गोली लगी। उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान उसका साथी बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### महिला लीग में हॉप्स खिताब की अकेली दावेदार

नयी दिल्ली। खेलो इंडिया महिला फुटबाल प्रीमियर लीग के पहले चरण के समापन के बाद अंक तालिका पर नज़र डालें तो हॉप्स फुटबाल क्लब खिताब का प्रबल दावेदार बनकर उभरा है, जिसने अपने सभी आठ मैच जीत कर 24 अंक जुटा लिये हैं। दूसरे नंबर पर गढ़वाल एफसी 18 अंकों के साथ है और तीसरे नंबर के सिग्नेचर क्लब ने 16 अंक जुटाये हैं। प्रीमियर लीग में खेल रही सभी नौ टीमों में से सबसे नीचे जगुआर फुटबाल क्लब है जिसने न सिर्फ शून्य अंक बनाये हैं अपितु 107 गोल भी खाये हैं। रॉयल रेंजर्स के 13, ग्रोइंग स्टार्स के 12, हंस क्लब के 10, रेंजर्स के सात और ईव्स के छह अंक हैं। अर्थात हॉप्स क्लब को चुनौती देने वाला मात्र गढ़वाल और सिग्नेचर क्लब है लेकिन कोई बड़ा उलटफेर ना हुआ तो हॉप्स का खिताब जीतना तय है, जिसने अब तक 61 गोल अंतर का विशाल रिकार्ड कायम किया है। जानकी देवी कॉलेज मैदान पर खेली जा रही महिला चैंपियनशिप में सुदेवा ने वर्षा के गोल की बदौलत रॉयल एफसी को एक गोल से मात दी, जबि इमी हीरोज ने मोनिका (दो गोल), अनीता और अंजलि के गोलों से उत्तरांचल हीरोज को 4 –0 से हराया।

### उत्तराखंड को हरा वाटिका दूसरे नम्बर पर

नयी दिल्ली। वाटिका एफसी ने प्रीमियर फुटबाल लीग में रविवार को उत्तराखंड को 3–0 से हराकर 17 मैचों में 35 अंक पूरे किये। दिल्ली एफसी अंक तालिका में 36 अंकों के साथ पहले स्थान पर विराजमान है। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में विजेता के लिए फ्रांसिस, मैन ऑफ़ द मैच पीयूष भंडारी और अंश गुप्ता ने दर्शनीय गोल जमाये। महिलाओं के लीग मुकाबलों में गढ़वाल एफसी ने मोनिषा सिंघा और हनशिशा के दो दो गोलों से ईव्स को 7–2 से और रॉयल रेंजर्स ने वाणी कलुचा की तिकड़ी से जगुआर को 7–0 से परास्त किया।

### ठाकुर करेंगे 7वें अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर का उद्घाटन

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर सोमवार को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा आयोजित 7वें अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर का उद्घाटन करेंगे। अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वाधान में सालाना आयोजित होने वाली चैंपियनशिप का आयोजन 19 से 24 सितंबर के बीच किया जायेगा। सीआईएसएफ ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि इस क्लस्टर से केंद्रीय एवं राज्य पुलिस बलों के प्रतिभागी खिलाड़ियों को एक साथ अपनी–अपनी खेल प्रतिभा के प्रदर्शन के लिये एक विराट मंच प्राप्त होगा तथा इससे वे भविष्य में होने वाले खेलों के लिए अनुभव और कौशल प्राप्त करेंगे। प्रतिभागी खिलाड़ी जूडो, वुशु, ताइक्वांडो, पेनकाक सिलट, कराटे, जिम्नास्टिक एवं तलवारबाजी में भाग लेंगे। इस वर्ष पहली बार पेनकाक सिलट, वुशु एवं तलवारबाजी को इस क्लस्टर में शामिल किया गया है। चैंपियनशिप में केंद्रीय तथा राज्य पुलिस से लगभग 1600 खिलाड़ियों के साथ 41 टीमें भाग ले रही हैं।

### श्रद्धानंद, श्यामलाल, अरविंदो को एक-एक जीत

नयी दिल्ली। स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पहले प्री इंटर कॉलेज कबड्डी पुरुष टूर्नामेंट के लीग मैच में रविवार को श्री अरविंदो कॉलेज को 47–32 से हराया। दिन के दूसरे मैच में स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज को हार का मुंह देखना पड़ा जहां श्यामलाल कॉलेज ने 48–44 से जीत दर्ज की। अरविंदो कॉलेज ने दिन के आखिरी मुकाबले में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजूकेशन को 64–34 से हराया।

### मध्य को 279 रन से रौंदकर फाइनल में पश्चिम

कोयंबटूर। पश्चिम क्षेत्र ने पृथ्वी साव (60 और 142) की शानदार बल्लेबाजी और शम्स मुलानी (छह विकेट) के पंजे की बदौलत मध्य क्षेत्र को दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में रविवार को 279 रन से हराया। मध्य क्षेत्र ने 501 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन 33/2 के स्कोर से शुरुआत की और 221 रन पर सिमट गयी। कुमार कार्तिकेय (39) और शुभम शर्मा (24) ने तीसरे विकेट के लिये 64 रन जोड़े। अतीत सेठ ने कार्तिकेय को पवेलियन लौटाया, जबकि शम्स मुलानी ने शुभम को आउट किया। चिंतन गाजा ने प्रियम गर्ग (06) और करन शर्मा (14) को क्रीज पर टिकने का मौका नहीं दिया। रिंकू सिंह ने मध्य के लिये 71 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की बदौलत 65 रन की जुझारू पारी खेली। वेंकटेश अय्यर 32 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने के कारण मध्य 221 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी। मुलानी ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिये, जिसमें रिंकू का बहुमूल्य विकेट शामिल है। इससे पहले, पश्चिम ने पहली पारी में 257 रन बनाये थे जिसके जवाब में मध्य 128 रन ही बना सकी। दूसरी पारी में 371 रन बनाकर पश्चिम ने मध्य को 501 रन का विशाल लक्ष्य दिया था।

### 645 रन की विशाल जीत के साथ फाइनल में पहुंचा दक्षिण

सलेम। दक्षिण क्षेत्र ने रोहन कुन्नुमल, हनुमा विहारी, रिकी भुई और टी रवि तेजा के शतकों के साथ रविश्रीनिवासन साई किशोर (10 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दलीप ट्रॉफी के एकतरफा सेमीफाइनल मैच में रविवार को उत्तर क्षेत्र को 645 रन से मात दी। पहली पारी में 423 रन की बढ़त हासिल करने वाली दक्षिण ने दूसरी पारी में 316 रन बनाकर उत्तर को 740 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में उत्तर 94 रन पर ऑलआउट हो गयी। दक्षिण क्षेत्र ने रनों के मामले में भारतीय प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। हनुमा विहारी की टीम ने तीसरे दिन के अंत तक 580 रन की बढ़त हासिल करके मैच का निर्णय पहले ही निश्चित कर दिया था, लेकिन चौथे दिन टी रवि तेजा ने बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे जाने का फायदा उठाते हुए अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक जड़ा। रवि ने 120 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 104 रन बनाये, जिसके बाद दक्षिण ने अपनी पारी को 316 रन पर घोषित कर दिया। उत्तर ने 740 रन के अप्राप्य लक्ष्य का पीछा करते हुए बेबाक शुरुआत की, लेकिन साई किशोर की फिरकी के आगे एक बार फिर विफल रही। पहली पारी में 73 रन पर सात विकेट झटकने वाले साई किशोर ने दूसरी पारी में तीन बल्लेबाजों को आउट करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहली बार 10 विकेट झटके। इसके अलावा कृष्णप्पा गौतम और तनय त्यागराज ने भी तीन–तीन विकेट लिये।

### बेंगलुरु ने पहली बार जीता डूरंड कप खिताब

कोलकाता। बेंगलुरु एफसी ने रविवार को करीबी फाइनल मैच में मुंबई सिटी एफसी को 2–1 से हराकर पहली बार डूरंड कप खिताब जीता। शिव शक्ति (11वां मिनट) और एलेन कोस्ट (61वां मिनट) ने विजयी टीम के गोल जमाये, जबकि मुंबई एफसी का एकलौता गोल अपुइया ने 30वें मिनट में किया।शिव शक्ति ने बेंगलुरु को शानदार शुरुआत दिलाते हुए 11वें मिनट में ही पहला गोल कर दिया। शिव मुंबई के क्षेत्ररक्षकों को छकाते हुए गोलकीपर के पास पहुंचे, जो गोल से कुछ दूर आ चुका था। इस बात का फायदा उठाते हुए शिव ने बॉल को गोलकीपर के सिर के ऊपर से नेट में पहुंचाया और टीम को 1–0 की बढ़त दिलायी। मुंबई सिटी ने कुछ देर बाद वापसी की और अपुइया ने 30वें मिनट में फ्री किक को गोल में तब्दील किया। पहले हाफ में 1–1 की बराबरी के बाद कोस्टा ने 61वें मिनट में गोल किया जो निर्णायक साबित हुआ। कोस्टा ने कप्तान छेत्री की कॉर्नर किक को दिशा दिखाते हुए बॉल को नेट में पहुंचाया, जिसकी बदौलत बेंगलुरु एफसी ने 2–1 से जीत दर्ज की। बेंगलुरु के कप्तान 38 वर्षीय छेत्री ने अपने करियर में केवल डूरंड कप नहीं जीता था, लेकिन रविवार की जीत के बाद उन्होंने यह खिताब भी हासिल कर लिया। साल 2013 में अस्तित्व में आये बेंगलुरु एफसी क्लब के लिये भी यह पहला डूरंड कप खिताब है।

# भारत-ए ने अनाधिकारिक टेस्ट श्रृंखला 1-0 से जीती

बेंगलुरु। भारत–ए ने जो कार्टर (111) के शतक को बेकार करते हुए न्यूजीलैंड–ए को तीसरे अनाधिकारिक टेस्ट के चौथे दिन रविवार को 113 रन से मात दी। भारत–ए ने दूसरी पारी में 359/7 पर पारी घोषित करके न्यूजीलैंड–ए को 416 रन का लक्ष्य दिया था। सौरभ कुमार ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके जिसकी बदौलत टॉम ब्रूस की टीम 302 रन पर ऑलआउट हो गयी। इस जीत के साथ भारत–ए ने तीन अनाधिकारिक टेस्ट मैचों की श्रृंखला 1–0 से जीत ली।

न्यूजीलैंड–ए ने चौथे दिन 20/2 के स्कोर से पारी को आगे बढ़ाते हुए शुरुआत में ही शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंद पर जो वॉकर (07) का विकेट खो दिया। इसके बाद कार्टर ने डेन क्लीवर के साथ तीसरे विकेट के लिये 85 रन की साझेदारी की जिसमें कार्टर ने एक छोर को थामे रखा, जबकि क्लीवर ने तेज खेलते हुए 60 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 45 रन बनाये।

कार्टर ने मार्क चैपमैन के साथ भी चौथे विकेट के लिये 82 रन जोड़े। चैपमैन ने सरफराज खान की गेंद पर आउट होने से पहले 61 गेंदों पर 45 रन बनाये। न्यूजीलैंड ने दूसरे सत्र के अंत तक केवल चार विकेट गंवाये थे और मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था।

कीवी टीम को आखिरी सत्र में 195 रन की दरकार थी, जिसे हासिल करने के प्रयास में उन्होंने तेजी से विकेट गंवाये। सरफराज ने रॉबर्ड ओ डॉनेल (19) को पगबाधा करके अपना दूसरा विकेट लिया, जबकि टॉम ब्रूस (19) और सीन सोलिया (08) सौरभ की गेंद पर पगबाधा हुये।

कैम फ्लेचर (13) और जेकब डफी (04) के आउट होने के बाद कार्टर भी अपना शतक पूरा करके पवेलियन लौट गये और न्यूजीलैंड 302 पर सिमट गयी। कार्टर ने अकेले संघर्ष करते हुए 230 गेंदों की अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया।

यह भारत–ए के ज्यादातर बल्लेबाजों के लिए एक अच्छा मैच था, जिसमें रुतुराज गायकवाड़ ने दो पारियों में 108 और 94 रन बनाए, जबकि रजत पाटीदार ने दूसरी पारी में नाबाद 109 रन की पारी खेली। उपेंद्र यादव (पहली पारी), प्रियांक पांचाल (दूसरी पारी) और सरफराज खान (दूसरी पारी) ने अर्धशतक जड़े, जबकि सौरभ नौ विकेट के साथ भारत–ए के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

# अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स : इटावा के अजीत ने जीता स्वर्ण

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के निवासी अजीत यादव ने अफ्रीका महाद्वीप के माराकोस में 6वीं अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्रि प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

जैवलिन थ्रो एथलीट अजीत ने शनिवार को 64.77 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि से पहले वह पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्रि चीन 2019 में स्वर्ण, पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप दुबई 2019 में कांस्य, पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्रि दुबई 2021 में स्वर्ण और पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्रि ट्यूनीशिया 2022 में रजत पदक हासिल कर चुके हैं।

इंडिया ओपन नेशनल चैंपियनशिप 2022 के स्वर्ण पदक विजेता अजीत ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

अफ्रीका महाद्वीप के माराकेच में 6वीं अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्रि प्रतियोगिता 15 सितंबर से 17 सितंबर तक आयोजित की गयी जिसमें दुनिया भर के 40 देशों ने हिस्सा लिया।

इटावा के भरथना तहसील के ग्राम साम्हो नगला विधि निवासी अजीत ने फोन पर बताया कि प्रतियोगिता में भारत के ही देवेंद्र झझरिया 60.97 मीटर भाला फेंक कर दूसरे स्थान पर रहे जबकि मोरक्को के इजजोहरी जाकराई ने 55 मीटर भाला फेंकते हुए तीसरा स्थान पाया। अजीत को गोल्ड मेडल मिलते ही उनके पैतृक गांव नगला विधि में मिठाइयां बांटी गयीं। अजीत ने अपना बायां हाथ एक रेल दुर्घटना में खो दिया था।

### भारत ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराया

होव। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने स्मृति मंधाना (91), हरमनप्रीत कौर (74 नाबाद) और यस्तिका भाटिया (50) के अर्द्धशतकों की बदौलत इंग्लैंड को पहले एकदिवसीय मैच में रविवार को सात विकेट से हराया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 228 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे हरमनप्रीत की टीम ने 44.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। टी20 श्रृंखला 2–1 से हारने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला में 1–0 की बढ़त हासिल कर ली है। यह 39 वर्षीय झूलन गोस्वामी का आखिरी एकदिवसीय मुकाबला भी था जिसमें जीतकर भारतीय टीम ने अपनी दिग्गज खिलाड़ी को यादगार विदाई दी है। भारत ने 228 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली वर्मा (01) का विकेट दूसरे ओवर में ही खो दिया, लेकिन स्मृति और यास्तिका ने दूसरे विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी करके टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका ने आउट होने से पहले 47 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की बदौलत 50 रन बनाये। स्मृति ने कप्तान हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिये 63 रन की साझेदारी भी की, जिसने भारत को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया। स्मृति हालांकि अपना शतक पूरा नहीं कर सकीं और 99 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की बदौलत 91 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं। इसके अलावा कप्तान हरमनप्रीत ने 94 गेंदों पर 74 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें सात चौके और विजयी छक्का शामिल था। इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया और पारी के पहले हिस्से में पूरी तरह से दबाव में रखा। इंग्लैंड ने 27 ओवर में सिर्फ 94 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे। डेनियल वायट ने 50 गेंदों पर 43 रन की पारी खेली, लेकिन दीप्ती शर्मा की गेंद पर बोल्ड होकर पवेलियन लौट गयीं। इसके बाद एलिस ने सोफी एक्लेस्टन के साथ सातवें विकेट के लिये 50 रन जोड़े। एक्लेस्टन ने आउट होने से पहले 33 गेंदों पर चार चौकों की सहायता से 31 रन बनाये। इसके बाद एलिस और शारलोट डीन के बीच आठवें विकेट के लिये 42 गेंदों पर 49 रन की साझेदारी हुई जिसने इंग्लैंड को 50 ओवर में 227/7 के स्कोर पर पहुंचाया।

# ओपनिंग के लिये राहुल पहली पसंद : रोहित

मोहाली, । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को कहा कि विराट कोहली कुछ टी20 मैचों में ओपनिंग करने आ सकते हैं, हालांकि लोकेश राहुल विश्व कप में ओपनिंग के लिये टीम प्रबंधन की पहली पसंद हैं। एशिया कप 2022 में भारत के आखिरी मैच में कोहली ने रोहित की अनुपस्थिति में पारी की शुरुआत की थी, और इस अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था। रोहित ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, आपके लिये विकल्प उपलब्ध होना हमेशा अच्छा होता है। जब आप विश्व कप जैसे टूर्नामेंट में जाते हैं तो यह बहुत महत्वपूर्ण होता है। आप लचीलापन चाहते हैं। आप चाहते हैं कि आपके खिलाड़ी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों और किसी भी स्थिति में बल्लेबाजी कर सकें। उन्होंने कहा, जब हम कुछ नया करने की कोशिश करते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि यह स्थायी है। हम सभी खिलाड़ियों की गुणवत्ता को समझते हैं। हम इस बात को ध्यान में रखेंगे कि क्योंकि हमने तीसरा ओपनर नहीं लिया है, वह (कोहली) जाहिर तौर पर ओपनिंग कर सकते हैं। वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए ओपन करते हैं और वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह हमारे लिए एक निश्चित विकल्प है। कप्तान रोहित ने बताया कि उन्होंने टीम के कोच राहुल द्रविड़ से इस सिलसिले में बात की है, और कोहली विश्व कप से पहले कुछ मैचों में ओपनिंग कर सकते हैं। रोहित ने कहा, मैंने राहुल भाई के साथ बातचीत की है कि हमें कुछ मैचों में विराट के साथ ओपनिंग करनी होगी क्योंकि वह हमारे तीसरे ओपनर हैं। हमने पिछले मैच में उनका प्रदर्शन देखा था, और हमने जो देखा उससे हम काफी खुश हैं। मुझे नहीं लगता कि हम उस स्थिति के लिए बहुत प्रयोग करेंगे। रोहित ने बताया कि यह चोट के बाद टीम में वापस लौटे राहुल के लिए चिंता का विषय नहीं है। राहुल चोट से लौटने के बाद प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। उन्होंने एशिया कप 2022 में पांच मैच खेलकर 26.40 की औसत और 122.22 की औसत से 132 रन ही बनाये, जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ बनाये गये 62 रन शामिल हैं। यदि अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गयी उनकी पारी को हटा दिया जाये तो उनके कुल रन 70 और औसत 17.50 हो जाती है।



रोहित ने राहुल के बारे में कहा, मेरे हिसाब से केएल राहुल विश्व कप खेलेंगे और ओपनिंग करेंगे। भारत के लिए उनके प्रदर्शन पर किसी का ध्यान नहीं जाता। वह भारत के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। अगर आप पिछले दो–तीन वर्षों में उनके रिकॉर्ड को देखें, तो यह बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने कहा, हम स्पष्ट हैं कि लोग क्या सोच रहे हैं लेकिन मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि हमें कोई भ्रम नहीं है। हम इस बारे में बहुत स्पष्ट हैं कि केएल टीम में क्या भूमिका निभाते हैं। वह एक बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, और एक मैच विजेता भी हैं। शीर्ष पर उनकी उपस्थिति हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत 2021 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हुए पिछले विश्व कप में भी इन्हीं शीर्ष तीन बल्लेबाजों के साथ गया था, जहां वह ग्रुप चरण को पार करने में विफल रहा। यूएई में हुए एशिया कप 2022 में भी भारत सुपर–4 से आगे नहीं बढ़ सका था, हालांकि रोहित ने कहा कि यह समय अलग था क्योंकि भारत ने अपने नये दृष्टिकोण के साथ बल्लेबाजी की और करीबी मुकाबलों में हारा।

# महारानी एलिजाबेथ के अंतिम संस्कार का सिनेमाघरों में होगा लाइव प्रसारण, पूरा ब्रिटेन रहेगा मौन

**लंदन।** लंदन के वेस्टमिंस्टर एबे में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के सोमवार सुबह होने वाले राजकीय अंत्येष्टि कार्यक्रम के प्रसारण के लिए ब्रिटेन के विभिन्न पार्कों में विशाल स्क्रीन लगाई जाएंगी। साथ ही कई सिनेमाघर भी कार्यक्रम के प्रसारण के लिए तैयारी कर रहे हैं। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का आठ सितंबर को स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल में 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। महारानी का पार्थिव शरीर वेस्टमिंस्टर हॉल में रखा गया है और उनके अंतिम संस्कार की रस्में सोमवार सुबह वेस्टमिंस्टर एबे में होंगी।



पिछले 57 वर्षों में ब्रिटेन का पहला राजकीय अंतिम संस्कार एक सख्त प्रोटोकॉल और सैन्य परंपरा के तहत होगा, जिसके लिए कई दिनों से अभ्यास जारी है। संस्कृति, मीडिया एवं खेल विभाग (डीसीएमएस) ने कहा कि सोमवार को ब्रिटेन में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है और अंत्येष्टि कार्यक्रम के लिए जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर लंदन में कई सार्वजनिक स्थान चिन्हित किए गए हैं। विभाग ने कहा कि दिवंगत महारानी के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्रदर्शित करने के लिए रविवार रात आठ बजे सामुदायिक समूह, क्लब, अन्य संगठनों के अलावा घरों में भी आम लोगों को एक मिनट का मौन रखने को कहा जा रहा है। डीसीएमएस ने कहा, लंदन के हाइड पार्क, शेफील्ड के कैथेड्रल स्क्वायर, बर्मिंघम के सेंटेनरी स्क्वायर, कार्लिस्ले के बिट्स पार्क, एडिनबरा के होलीरूड पार्क और उत्तरी आयरलैंड में कोलेराइन टाउन हॉल समेत देश भर में विशाल स्क्रीन लगाई जाएंगी।

#### राष्ट्रपति मुर्मू भी पहुंचीं

इसने कहा कि पूरे ब्रिटेन में सिनेमाघर भी अंतिम संस्कार कार्यक्रम दिखाने के लिए अपनी तैयारी कर रहे हैं। महारानी के राजकीय अंतिम संस्कार से पहले सुबह साढ़े छह बजे वेस्टमिंस्टर हॉल को श्रद्धांजलि देने के लिए आ रही आम जनता के लिए बंद कर दिया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शनिवार शाम तीन दिवसीय यात्रा पर लंदन पहुंचीं।

#### दिवंगत पति प्रिंस फिलिप के बराबर में दफनाया जाएगा

इसके बाद एक सार्वजनिक जुलूस दोपहर 12.15 बजे शुरू होगा और दिवंगत महारानी का ताबूत वेस्टमिंस्टर एबे से लंदन के वेलिंग्टन आर्च ले जाया जाएगा और वहां से उसका विंडसर का सफर शुरू होगा। सोमवार की शाम को एक निजी शाही रस्म में महारानी को किंग जार्ज षष्ठम मैमोरियल चैपल में उनके दिवंगत पति प्रिंस फिलिप के बराबर में दफनाया जाएगा।

महारानी के अंतिम संस्कार में दुनियाभर के शाही परिवार के सदस्यों समेत करीब 500 विश्व नेता शामिल होंगे। शाही ताबूत को जुलूस की शक्ल में पैलेस आफ वेस्टमिंस्टर के वेस्टमिंस्टर हॉल से वेस्टमिंस्टर एबे ले जाया जाएगा जहां अंतिम संस्कार की रस्में सुबह 11 बजे शुरू होंगी और करीब एक घंटे बाद दो मिनट के राष्ट्रीय मौन के साथ संपन्न होगी।

### बंगलादेश ने चौथी बार म्यांमार के राजदूत को किया तलब

ढाका। बंगलादेश ने चौथी बार म्यांमार के राजदूत को बंदरबन के नाइखोंगछारी में सीमा पर भूमि और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए विरोध पत्र सौंपने के लिए तलब किया है। बंगलादेश के विदेश मंत्रालय के महानिदेशक नजमुल हुडा के कार्यालय में राजदूत यू आंग क्याव मो को रविवार दोपहर में विरोध दर्ज कराने के लिए तलब किया गया। शुक्रवार की रात को म्यांमार से दागे गए पांच मोर्टार गोले बंदरबन के नाइखोंगछरी उपजिला में टुम्ब्रू बाजार के पास 'नो–मैन्स–लैंड' पर एक रोहिंग्या शिविर में फट गए। जिससे मोहम्मद इकबाल नाम के एक 28 वर्षीय रोहिंग्या व्यक्ति की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। इससे पूर्व बंदरबन में नाइखोंगछारी सीमा क्षेत्र के साथ म्यांमार क्षेत्र के अंदर एक बारूदी सुरंग विस्फोट के बाद एक बंगलादेशी युवक घायल हो गया था।

# बाढ़ से बेहाल, आदत से लाचार; भारत के खिलाफ नए आतंकी तैयार कर रहा है पाकिस्तान

नई दिल्ली। आर्थिक मोर्चे और बाढ़ से जूझ रहे पाकिस्तान में आतंकी संगठनों की हरकतें बेलगाम हैं। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तैयबा भारत के खिलाफ नई साजिशें रच रहे हैं। इसके तहत यह दोनों आतंकी संगठन भारत के खिलाफ आतंकियों की नई भर्तियों की तैयारी में जुटे हुए हैं। इससे पाकिस्तान का आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख की बात और तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान के खिलाफ खैबर पख्तूनवा और ब्लूचिस्तान में कड़ी कार्रवाई की बातें भी बेमानी लगने लगती हैं।

#### जिला स्तर पर चला रहे अभियान

सिर्फ इतना ही नहीं, जैश–ए–मोहम्मद आतंकी संगठन को ज्वॉइन करने के लिए पाकिस्तान में जिला स्तर पर अभियान चला रहा है। इसके तहत कराची, गुजरांवाला, सियालकोट, पेशावर, मुजफ्फराबाद, कोटली, नरोवल, शकरगढ़ में युवाओं से अपील की जा रही है। आतंकी संगठनों के लोग यहां के जिम में जाकर युवाओं की फिटनेस और उनकी फुर्ती की जांच कर रहे हैं। इस दौरान यह लोग उन युवाओं पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं जो एलओसी और सीमा के हालात से परिचित हैं। फिर वह उन्हें घुसपैठ के लिए तैयार कर रहे हैं।



#### कैंप में आतंकियों को दे रहा ट्रेनिंग

पांच अगस्त से 11 अगस्त के बीच जैश ए मोहम्मद ने जैश ए मोहम्मद ने सात दिन का 'दौरा तरबिया' ट्रेनिंग कैंप लगाया था।

यह कैंप पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर के बाग जिला स्थित गंगा चोटी में लगाया गया था। इस बीच लश्कर–ए–तैयबा के बड़े नेताओं ने शुक्रवार को जमात–उद–दावा के मरकज में शामिल हुए। इसमें इन दोनों ने भारत और पश्चिमी देशों के खिलाफ जमकर जहर उगला। बता दें कि लश्कर–ए–तैयबा सेल्फ डिफेंस कोर्स के नाम पर दौरा–ए–सूफा नाम से एक बेसिक ट्रेनिंग कोर्स शुरू किया है। यह उसकी जिहादी ट्रेनिंग गतिविधियों का ही हिस्सा है।

### तालिबान लड़कियों को हाई स्कूल शिक्षा की अनुमति दे : संरा मिशन

काबुल। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने रविवार को तालिबान के नेतृत्व वाली अफगान सरकार से लड़कियों के लिए हाई स्कूल शिक्षा की अनुमति देने का आग्रह किया। अफगानिस्तान में अगस्त 2021 तालिबान सत्ता में आया था उसके बाद से देश में आर्थिक, मानवीय और सुरक्षा संकट गहरा गया है। हालांकि अधिकारियों ने महिलाओं के साथ भेदभाव नहीं करने का वादा किया था लेकिन तालिबान ने अफगान महिलाओं को उनके घरों से बाहर काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया है और स्कूलों में लिंग आधारित अलगाव की शुरुआत की है। लड़कियों को अब छठी कक्षा के बाद शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति नहीं है। मिशन के बयान में कहा गया है, अफगानिस्तान में हाई स्कूलों से लड़कियों के बहिष्कार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र ने देश के वास्तविक अधिकारियों से सभी के लिए हाई स्कूल फिर से खोलने के लिए तत्काल उपाय करने के अपने आह्वान को दोहराया। संयुक्त राष्ट्र मिशन ने चेतावनी दी कि यदि बालिका माध्यमिक विद्यालयों पर प्रतिबंध जारी रहा तो देश में संकट, सुरक्षा की स्थिति और गरीबी और बदतर होगी। यूएनएएमए ने कहा ,यदि हाई स्कूल में भाग लेने वाली लड़कियों पर प्रतिबंध रहता है, तो संयुक्त राष्ट्र इस बात को लेकर चिंतित है कि इस तरह के उपाय, अफ़गानों की बुनियादी स्वतंत्रता पर लगाए गए अन्य प्रतिबंधों के साथ, अफ़ग़ानिस्तान के सामने आने वाले संकटों को गहरा करने में योगदान देंगे, जिसमें अधिक असुरक्षा, गरीबी और अलगाव पैदा होगा।

### आर्मेनिया पर अजरबैजान का घातक हमला निंदनीय : अमेरिका

येरेवान। अमेरिकी सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने रविवार को कहा कि अमेरिका आर्मेनिया के खिलाफ अजरबैजान के घातक हमलों की निंदा करता है। यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (ओएससीई) मिन्स्क समूह के सह–अध्यक्ष के रूप में अमेरिका ने कई बार कहा है कि आर्मेनिया की राजधानी येरेवान और अजरबैजान की राजधानी बाकू के बीच संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। अध्यक्ष पेलोसी ने कहा, वह अमेरिकी कांग्रेस की ओर से आर्मेनिया के खिलाफ अजरबैजान के घातक हमलों की निंदा करती हैं। वाशिंगटन, आर्मेनिया का समर्थन करने के लिए तत्पर है। अमेरिकी कांग्रेसी फ्रैंक पैलोन ने कहा कि अमेरिका आर्मेनिया की सुरक्षा को लेकर चिंतित है, जिससे वह येरेवान की सहायता करना चाहता है। विवादित नागोर्नो–कराबाख क्षेत्र से असंबंधित क्षेत्र में मंगलवार तड़के अर्मेनिया–अजरबैजान सीमा पर दोनों सेनाओं के बीच तनाव व्याप्त हो गया था। रूस ने युद्ध विराम के लिए दोनों देशों के बीच मध्यस्था की। इस दौरान दोनों देशों के मिलाकर करीब एक सौ सैनिक मारे जा चुके हैं।

### संयुक्त राष्ट्र ने शिक्षा के लिए पहली बार अंतरराष्ट्रीय वित्त सुविधा शुरू की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और वैश्विक शिक्षा के लिए उनके विशेष दूत गॉर्डन ब्राउन ने शिक्षा के लिए कई –अरब डॉलर की अंतर्राष्ट्रीय वित्त सुविधा (आईएफएफईडी) की शुरूआत की है। वर्ष 2023 में अपेक्षित पहली परियोजनाओं के साथ आईएफएफईडी निम्न–मध्यम–आय वाले देशों में शिक्षा और कौशल विकास में निवेश का सहयोग करेगा। शुरूआत में यह वित्त पोषण दो अरब अमेरिकी डॉलर का होगा और इस सुविधा को 2030 तक 10 अरब डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है। गुटेरेस ने शनिवार को ब्राउन के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोविड –19 महामारी शुरू हुई होने के बाद दुनिया के दो–तिहाई देशों ने अपने शिक्षा बजट में कटौती की है। लेकिन शिक्षा शांतिपूर्ण, समृद्ध, स्थिर समाजों का निर्माण आधार है। उन्होंने कहा, निवेश को कम करना वस्तुत: और अधिक गंभीर संकटों को पुख्ता करता है। हमें शिक्षा प्रणालियों में अधिक धन प्राप्त करने की आवश्यकता है , कम नहीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

